mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-05 अंक-129 | पृष्ठ-8 | मूल्य-3 रूपये

सतना

12 मई 2025 सोमवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित




बल्लेबाज आंद्रे रसेल...

@ पेज 7

## संक्षिप्त समाचार

### सीजफायर को लेकर पाकिस्तान की तरफ से आया बड़ा बयान

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने रविवार को कहा कि वह भारत के साथ संघर्ष विराम को पूरी ईमानदारी से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। उसने यह भी कहा कि उसके बल स्थिति को 'जिम्मेदारी और संयम' के साथ संभाल रहे हैं। भारत और पाकिस्तान ने शनिवार को भूमि, वायु और समुद्र में सभी प्रकार की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई को तत्काल प्रभाव से रोकने पर सहमति बनने की घोषणा की थी। सीजफायर का ऐलान होने के कुछ ही घंटों बाद ही पाकिस्तान ने इसका उल्लंघन भी किया था। इसके बाद भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने शनिवार देर रात में एक प्रेस



वार्ता के दौरान पाकिस्तान से इन उल्लंघनों पर उचित कदम उठाने और स्थिति से 'गंभीरता और जिम्मेदारी' के साथ निपटने का आह्वान किया। विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ने यहां मिसरी के बयान के संबंध में मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा, ''पाकिस्तान और भारत के बीच संघर्ष विराम को ईमानदारी से लागू करने के लिए पाकिस्तान प्रतिबद्ध है।'' प्रवक्ता ने दावा किया कि पाकिस्तान की सेनाएं 'जिम्मेदारी और संयम के साथ स्थिति को संभाल रही हैं।' उन्होंने कहा, ''हमारा मानना ??है कि संघर्ष विराम के सुचारू क्रियान्वयन में आने वाली किसी भी समस्या का समाधान उचित स्तरों पर संवाद के जरिए किया जाना चाहिए। जमीन पर मौजूद सैनिकों को भी संयम बरतना चाहिए।'' दोनों देशों के बीच गोलाबारी थमने को पाकिस्तान जहां भारत के साथ 'संघ र्षविराम' बता रहा है वहीं नई दिल्ली ने इसे 'सहमति' करार दिया है।

### NSC में पाकिस्तान की आतंकी करतूतों को एक्सपोज करेगा भारत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत के सख्त तेवर अपनाए हैं। इस हमले में 26 लोगों की आतंकियों ने हत्या कर दी थी। आतंकी हमले का जवाब देने के लिए भारत ने ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया है। अब भारत नए कदम उठाते हुए दुनिया के सामने पाकिस्तान को बेनकाब करने वाला है। भारत आतंकवाद में पाकिस्तान की संलिप्तता के नवीनतम सबूतों के साथ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (हस्ष्ट) में एक टीम भेजेगा। सूत्रों के मुताबिक



इस बीच यहां यह भी बता दें कि, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने शनिवार को भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सीजफायर का स्वागत किया है। महासचिव के उप प्रवक्ता फरहान हक ने बताया कि ÷हम नजर बनाए हुए हैं, हम संघर्ष को कम करने के सभी प्रयासों का स्वागत करते हैं।÷ इस बीच यहां बता दें कि, भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर लागू होने के बाद बॉर्डर पर हालात सामान्य नजर आ रहे हैं। भारत के आर्मी चीफ उपेंद्र द्विवेदी ने आर्मी कमांडर्स को फ्री हैंड दिया है कि अगर पाकिस्तान की तरफ से कोई भी हरकत होती है तो पूरी ताकत से उसे उसी की भाषा जवाब दिया जाए। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने वेस्टर्न बॉर्डर के आर्मी कमांडर्स के साथ सुरक्षा की समीक्षा भी की है। इस दौरान उन्होंने आर्मी कमांडर्स को फ्री हैंड दिया है।

## दो दिन पहले लापता हुई थी नाबालिग लड़की, सफाई के दौरान नाले से मिली लाश



**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई के गोवंडी के शिवाजी नगर इलाके की रहने वाली एक लड़की दो दिन पहले लापता हो गई थी, जिसका शव बरामद हुआ है। लड़की की पहचान 15 वर्षीय झेनाब मोहम्मद इकबाल शेख के रूप में हुई है। लड़की का शव शनिवार शाम एक खुले नाले से बरामद हुआ। झेनाब के परिजनों के अनुसार, वह परसों गुरुवार रात करीब 10 बजे घर से कचरे की थैली फेंकने के लिए बाहर गई थी, लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटी। इसके बाद परेशान पिता इकबाल ने तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई।कल शाम जब इलाके के कुछ लोगों ने दुर्गा सेवा संघ के सामने नाले से तेज दुर्गंध की शिकायत की, तो स्थानीय निवासियों ने नाले में कचरा हटाकर देखा। इस दौरान नाबालिग लड़की का शव बुरी हालत में मिला। शव मिलने की सूचना तुरंत शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन को दी गई। पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शिवाजी नगर पुलिस ने इस मामले में अज्ञात शख्स के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) के तहत हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, जिससे मौत के सही कारणों का पता चल सके। पुलिस इस मामले में हर पहलू से जांच कर रही है और अज्ञात आरोपी की तलाश में जुटी है।

DGMO की पाकिस्तान को सख्त चेतावनी

# 'अगर आज रात सीजफायर तोड़ा तो मिलेगा तगड़ा जवाब'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान को आज भारत की ओर से सख्त चेतावनी दे दी गई है कि अगर उसने फिर से सीजफायर तोड़ा तो उसे तगड़ा जवाब दिया जाएगा। यह बात डीजीएमओ राजीव घई ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही, जिसमें उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में पूरी जानकारी दी। डीजीएमओ ने बताया कि कल खुद पाकिस्तान ने सीजफायर की पहल की। दोपहर 3.35 मिनट पर उन्हें फोन किया और कहा कि सीजफायर की बात की। शाम 5 बजे से सीजफायर का फैसला हुआ और कुछ घंटे बाद ही उनके ड्रोन भारत की सीमा में दाखिल होने लगे। डीजीएमओ ने कहा कि अगर आज रात पाकिस्तान ने फिर से सीजफायर का उल्लंघन करने की कोशिश की तो उसे तगड़ा जवाब दिया जाएगा।

डीजीएमओ ने कहा कि आर्मी चीफ ने भी भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर के उल्लंघन की सूरत में सैन्य अधिकारियों को जवाबी कार्रवाई करने की पूरी छूट दी है। 10-11 मई की रात को पाकिस्तान




द्वारा सीजफायर का उल्लंघन करने के बाद आज सेना प्रमुख ने पश्चिमी सीमाओं के सैन्य कमांडरों के साथ सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया। इसी दौरान उन्होंने जवाबी कार्रवाई की पूरी छूट दे दी है।

डीजीएमओ ने बताया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत मारे गए 100 आतंकवादियों में यूसुफ अजहर, अब्दुल मलिक रऊफ और मुदस्सिर अहमद जैसे आतंकवादी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि चार सात से 10 मई के बीच सीजफायर का उल्लंघन करने पर हुई गोलाबारी में पाकिस्तानी सेना के 35 से 40 सैन्यकर्मी मारे गए हैं।

## पाकिस्तान की गोलीबारी में बिहार का सपूत शहीद

**पटना (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के आरएस पुरा सेक्टर में पाकिस्तान की गोलीबारी के दौरान बीएसएफ के सब इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज शहीद हो गए। मोहम्मद इम्तियाज बिहार के छपरा के रहने वाले थे। सीमा की सुरक्षा करते हुए अपनी जान गंवा दी। उनके भतीजे मोहम्मद



आफताब ने बताया कि आखिरी बार उन्होंने दो दिन पहले बात की थी। इस दौरान दोनों ने एक-दूसरे की तबीयत का हाल पूछा था। मोहम्मद आफताब ने कहा, ÷हम दोनों ने अपनी सेहत के बारे में पूछा। रात करीब 8.30 से 8.45 बजे के बीच खबर मिली कि मोहम्मद इम्तियाज अब हमारे बीच नहीं रहे। उन्हें बताया गया कि उनकी मौत हो गई है।÷ मोहम्मद आफताब ने बताया कि उनके चाचा बहुत अच्छे इंसान थे और वह उनके लिए बहुत खास थे। जम्मू सीमा सुरक्षा बल के आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा, ÷हम 10 मई 2025 को आर एस पुरा क्षेत्र, जिला जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर क्रॉस बॉर्डर फायरिंग के दौरान राष्ट्र की सेवा में बीएसएफ के बहादुर सब इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज द्वारा दिए गए सर्वोच्च बलिदान को सलाम करते हैं।

# 'पाकिस्तान कुत्ते की दुम की तरह टेढ़ा है, दुम काटने का काम PM मोदी करेंगे'

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने पाकिस्तान को लेकर बयान दिया है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान कुत्ते की दुम की तरह टेढ़ा है। अगर वो अपनी हरकतों से बाज़ नहीं आया तो उसकी दुम को काटने का काम राष्ट्रभक्त पीएम मोदी करेंगे। पाकिस्तान की नीयत पर ही भरोसा नहीं किया जा सकता इसलिए सीजफायर और पाकिस्तान-अमेरिका के ऐलान के बाद भी पीएम मोदी ने कोई ट्वीट या टिप्पणी नहीं की।

एकनाथ शिंदे ने कहा, दोनों देशों की सहमति से सीजफायर हुआ था। भारत हमेशा अपने कमिटमेंट को पूरा करता है। लेकिन पाकिस्तान की ये हरकत बेईमानी है। इससे पहले भी पाकिस्तान ने कई बार शस्त्र संधि का उल्लंघन किया है। पीएम मोदी ने उन्हें सुधरने का एक मौका दिया था लेकिन मुझे नहीं लगता कि वो सुधरेंगे। पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब मिल गया है। हमारी सेना पूरी तरह तैयार है।

एकनाथ शिंदे ने कहा,बार-बार हरकत करने के बाद पाकिस्तान को सबक सिखाया जाएगा। भारत इतना ताकतवर है कि वह उसे जवाब देगा। पाकिस्तान को पता है कि अगर वो भारत से लड़ेगा तो हारेगा। सुबह भारत और पाकिस्तान के बॉर्डर पर शांति है



और पाकिस्तान की तरफ से किसी तरह के हमले की खबर अभी तक सामने नहीं आई है। राजस्थान, पंजाब और जम्मू कश्मीर में शांति बहाल है और लोग सामान्य जीवन की तरफ बढ़ रहे हैं। हालांकि सुरक्षाबल पूरी तरह अलर्ट हैं और उनकी हर छोटी-बड़ी गतिविधि पर नजर है। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाया था, जिससे पाकिस्तान भी डरा हुआ था। इस मामले में अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप का बयान भी सामने आया था। ट्रंप ने कहा था, मुझे यह घोषणा करते हुए काफी खुशी महसूस हो रही है कि भारत और पाकिस्तान ने पूर्ण और तत्काल संघर्षविराम पर सहमति जताई है।

# यात्रा के लिए अधिक समय लेकर चलें

सीजफायर के बाद दिल्ली एयरपोर्ट की एडवाइजरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर परिचालन सामान्य हो गया है, लेकिन हवाई क्षेत्र के बदलते परिदृश्य के कारण कुछ उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं। सुरक्षा बढ़ाने के कारण अब जांच प्रक्रिया में पहले से अधिक समय लग सकता है। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के मद्देनजर एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर दिया गया है। दोनों देशों ने शनिवार को जमीन, हवा और समुद्र पर सभी प्रकार की गोलाबारी और सैन्य कार्रवाई को रोकने पर सहमति जताई है। इसके बावजूद, सुरक्षा के मद्देनजर हवाई अड्डों पर अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है।

इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का संचालन करने वाली संस्था 'दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड' ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ÷दिल्ली अड्डे पर विमानों का परिचालन सामान्य रूप से जारी है। हालांकि, हवाई क्षेत्र के बदलते परिदृश्य




और सुरक्षा बढ़ाए जाने के कारण कुछ उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं और सुरक्षा जांच में पहले की तुलना में ज्यादा समय लग सकता है।''

डीआईएएल ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे सुरक्षा जांच के लिए अतिरिक्त समय लेकर आएं और विमानन कंपनियों एवं सुरक्षाकर्मियों के साथ सहयोग करें, ताकि यात्रियों को सुगम और सुरक्षित यात्रा का अनुभव हो सके।

बता दें कि दिल्ली का इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट देश का सबसे व्यस्त हवाई अड्डा है, जहां प्रतिदिन लगभग 1,300 उड़ानों का संचालन होता है। फिलहाल सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे यात्रा करते समय अधिक समय लेकर चलें, ताकि परेशानी से बचा जा सके।

# नेत्रदान कर परिजनों ने दिया समाज को बड़ा मैसेज

शादी समारोह में नाइट्रोजन से भरे बर्तन में गिरने से 7 साल की बच्ची की मौत

**राजगढ़ (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले में शादी समारोह के दौरान पल भर में खुशियां मातम में बदल गई। जानकारी के अनुसार, राजगढ़ जिले के खुजनेर में एक शादी समारोह के दौरान सात साल की बच्ची नाइट्रोजन से भरे खुले बर्तन में गिर गई। इससे वह 80 प्रतिशत झुलस गई। बच्ची को वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया, लेकिन बचाया जा नहीं सका।

जानकारी के अनुसार, बाढ़ गांव निवासी राजेश गुप्ता अपने परिवार के साथ खुजनेर में रिश्तेदार के यहां आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए थे। शादी समारोह के दौरान शादी की रस्म चल रही थी। इस दौरान दूल्हा-दुल्हन की फॉग स्मोक से एंट्री होनी थी। जिसके लिए एक बर्तन में ठंडी नाइट्रोजन को भर रखा था। इस समय 7 साल की वाहिनी गुप्ता भी वहीं पर खेल रही थी।



वह खेलते हुए अचानक नाइट्रोजन से भरे बर्तन में गिर गई। जिससे वह करीब 80 फीसदी तक झुलस गई। इस घटना के बाद वह बुरी तरह झुलस गई। परिजन तत्काल इंदौर के अस्पताल में ले गए। बच्ची की इलाज के दौरान मौत हो गई।

बच्ची पांच दिन तक वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखी गई थी।

डॉक्टर और परिजन बच्ची को बेशक नहीं बचा पाए लेकिन समाज को एक बड़ा मैसेज जरुर दे दिया। बच्ची की आंख को परिजनों ने दान कर दिया। नेत्रदान के बाद इस आंख का इस्तेमाल किसी जरुरतमंद के लिए किया जाएगा। नवज्योति नेत्रदान समिति और पूजा गुप्ता के प्रयासों से एमके इंटरनेशनल आई बैंक इंदौर की टीम के प्रयासों से परिजनों ने नेत्रदान की सहमति दी। आजकल शादियों में फॉग एंट्री का अधिकतर जगहों पर दिखावा किया जाता है। लेकिन इस दौरान एक जरा सी लापरवाही ने एक साथ साल की बालिका की जान ले ली। घटना के दौरान बालिका का शरीर पूरी तरह से जल चुका था। जिससे उसे गंभीर हालत में स्थानीय अस्पताल से इंदौर के कर दिया गया था।

## दिग्विजय सिंह ने कहा- पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह देना करे बंद

**भोपाल (एजेंसी)।** कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह ने भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर समझौते का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश को आतंकवादियों को पनाह देने से बचना चाहिए। दिग्विजय सिंह ने कहा कि दोनों देशों के बीच दुश्मनी इसलिए बढ़ गई है, क्योंकि पाकिस्तान खुलेआम आतंकवादियों



को पनाह देता है। उन्होंने पाकिस्तान से आतंकवादियों को पनाह देना बंद करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान ऐसा करेगा, तो जो कुछ हुआ है, वह फिर से होगा। दिग्विजय सिंह ने भारतीय सेना और खुफिया एजेंसियों को पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी प्रशिक्षण केंद्रों की पहचान करने और उन पर सटीक हमले करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा, ÷भारतीय सेना ने नागरिक इलाकों को नहीं, बल्कि केवल आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया। इसके लिए उन्हें बधाई।÷ भारत और पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशकों ने शनिवार शाम 5.0 बजे से जमीन, हवा और समुद्र पर सभी तरह की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति जताई। इसकी घोषणा विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने की। हालांकि, इस घोषणा के कुछ घंटों बाद ही जम्मू-कश्मीर में रात में ड्रोन अटैक हुआ। सुरक्षाकर्मियों को उन्हें नीचे गिराने के लिए वायु रक्षा प्रणालियों को एक्टिव करना पड़ा।

# पाकिस्तान ने हमले के लिए मजबूर किया, उनके 35-40 जवान मारे गए




**शिमला (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर होने के बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर और हवाई हमलों को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की और इस बारे में विस्तार से

● **सेना की प्रेस कॉन्फ्रेंस, 9 मई को हुआ भीषण मुकाबला**

पूरी जानकारी दी। भारतीय सेना की तरफ से बताया गया कि पहलगाम में 26 पर्यटकों की हत्या के बाद भारत ने पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। इसके बाद पाकिस्तान की तरफ से ड्रोन और मिसाइल हमले किए गए। भारत ने इन्हें नाकाम किया। इसके बाद भारत की तरफ से जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया।

भारतीय सेना की तरफ से वीडियो सबूत जारी कर बताया गया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सिर्फ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया था। इस ऑपरेशन को इतने सटीक तरीके से अंजाम दिया गया कि आसपास मौजूद इमारतों को कोई नुकसान नहीं हुआ।

9-10 मई को हुआ था भीषण मुकाबला भारतीय सेना की तरफ से बताया गया कि 7 मई की सुबह आतंकी ठिकाने तबाह होने के बाद पाकिस्तान की तरफ से रात के समय ड्रोन से हमला किया गया। 8 मई को भी हमले हुए और नौ मई को भी यह सिलसिला जारी रहा। हर बार भारत ने मुंहतोड़ जवाब दिया। हालांकि, पाकिस्तान को सबसे ज्यादा नुकसान 9-10 मई की दरमियानी रात को हुआ। भारत ने इस दौरान पाकिस्तानी सेना के कई ठिकानों को निशाना बनाया, जिसमें पाकिस्तान के 35-40 सैनिक मारे गए।

भारतीय सेना ने बताया कि उनकी क्षमता इतनी है कि पाकिस्तान का पूरा राडार सिस्टम खत्म किया जा सकता था, लेकिन भारत का उद्देश्य युद्ध करना नहीं था, बल्कि पाकिस्तान को यह संदेश देना था। इसी वजह से जवाबी कार्रवाई में सभी एयरबेस पर सीमित हमला किया गया। किसी भी एयरबेस को पूरी तरह से खत्म करने की कोशिश नहीं की गई। भारत ने यह भी बताया कि एक तरफ पाकिस्तान की सेना लाहौर से ड्रोन लॉन्च कर रही थी और दूसरी तरफ उनके यात्री विमान भी उड़ रहे थे। इनमें अंतरराष्ट्रीय विमान भी शामिल थे। आम लोगों की जिंदगी बचाने की लिए भारतीय सेना ने अपने जवाबी कार्रवाई के साथ समझौता किया। इस वजह से भारत ने अपनी क्षमता से कम हमला किया, लेकिन आम लोगों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखा।

## भोपाल में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक पंजीयन शिविर

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। भोपाल में नागरिक सुरक्षा के लिए इच्छुक युवाओं के लिए एक विशेष पंजीयन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर होमगार्ड एवं सिविल डिफेंस कार्यालय, होमगार्ड लाइन, महिला थाने के पास, प्रात: 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। शिविर में भाग लेने के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों को प्रात: 11 बजे उपस्थित होना है। पंजीयन के लिए दो पासपोर्ट साइज फोटो एवं आधार कार्ड की फोटो कॉपी साथ लाना आवश्यक है। शिविर के दौरान नागरिक सुरक्षा के अंतर्गत स्वयंसेवक के रूप में कार्य करने की प्रक्रिया से जुड़ी जानकारी दी जाएगी। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए श्री शरद यादव, प्लाटून कमांडर, होमगार्ड भोपाल से मोबाइल नंबर-9456945723 पर संपर्क किया जा सकता है। शिविर का उद्देश्य शहर में नागरिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत करना एवं आपातकालीन स्थितियों में सहायता के लिए प्रशिक्षित जनशक्ति तैयार करना है।

## रिसोर्स मैपिंग एवं सायरन इंस्टालेशन सुनिश्चित करें

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। वर्तमान परिपस्थितियों को दृष्टिगत एवं नागरिक सुरक्षा अधिनियम-1968 की धाराओं के अनुक्रम में तथा जिला नियंत्रक एवं नागरिक सुरक्षा, जिला भोपाल के निर्देशो के अनुपालन में शनिवार को अपर कलेक्टर (साउथ) की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में नागरिक सुरक्षा से जुड़े सभी विभागीय अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, अपर आयुक्त नगर पालिक निगम भोपाल, जिला चिकित्सा अधिकारी, आपूर्ति अधिकारी, मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण, जिला पंचायत, एस.डी.आर.एफ., डिट्रीक्ट कमाण्डेंट होमगार्ड उपस्थित रहे। बैठक में नागरिक सुरक्षा के संबंध में निर्देश दिए गए तथा सब डिविजन मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में उनके अनुभाग अंतर्गत नागरिक सुरक्षा अधिनियम का एक दल का गठन किया जाएगा। यह दल नागरिक सुरक्षा के प्रावधानुसार एवं आपदा नियंत्रण प्रावधानों के अनुरूप बचाव, राहत, तैयारी, जागरूकता इत्यादि विषयों पर कार्य करेगा। साथ ही इस दल को अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत रिसोर्स मैपिंग, सायरन का इंस्टालेशन एवं चैकिंग, उपलब्ध संसाधनों का संधारण, वॉलेंटियर रजिस्ट्रेशन, स्कूल-कॉलेज में मॉकड्रिल आयोजन, स्वयंसेवी संस्थाओं का सहयोग प्राप्त कर कार्य करने के निर्देश दिए गए।

## कलेक्टर सिंह ने किए नोडल अधिकारी नियुक्त

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। भोपाल जिले विभिन्न मुख्य चौराहों, बड़े भवनों, सार्वजनक स्थलों, भीड़ भाड़ वाले स्थानों, रेल्वे स्टेशन, मुख्य बाजारों स्थलों पर सायरन/हूटर की उपलब्धता एवं उनके सुचारू रूप से संचालन के लिए अधिकारियों को दायित्व सौपें हैं। कलेक्टर एवं कंट्रोलर सिविल डिफेंस श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने आयुक्त नगर पालिक निगम भोपाल श्री हरेन्द्र नारायण नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, स्मार्ट सिटी भोपाल सुश्री अंजू अरूण कुमार सहायक को नोडल अधिकारी बनाया गया हैं।

## कलेक्टर ने सोशल मीडिया के संबंध में किया प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत सोशल मीडिया पर भ्रामक या अपुष्ट पोस्ट, वीडियो, रील, या फाइल्स साझा करने पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार कोई भी व्यक्ति या संस्था फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, एक्स आदि प्लेटफॉर्म पर अफवाह फैलाने वाली सामग्री पोस्ट या फॉरवर्ड नहीं करेगा। ऐसा करना कानून व्यवस्था और सामाजिक शांति के लिए खतरा माना जाएगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू है। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# समाज के प्रश्नों के समाधानकारक नवाचारों के लिए आगे आ रहे हैं विद्यार्थी : तकनीकी शिक्षा मंत्री परमार



मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। समाज के प्रश्नों के समाधान, शिक्षा के माध्यम से ही संभव है। विशेषकर ग्रामीण भारत में विद्यमान प्रश्नों का समाधान, शिक्षा के माध्यम से ही निकालना होगा। इसके लिए हमें अपने दायित्व का भान करने की आवश्यकता है। भारतीय समाज में हर विद्या-हर क्षेत्र में विद्यमान ज्ञान को युगानुकुल परिप्रेक्ष्य में पुन: शोध एवं अनुसंधान कर, दस्तावेजीकरण करने की आवश्यकता हैं। विश्व मंच पर भारतीय ज्ञान को तथ्यपूर्ण प्रमाण के रूप में दिखाने के लिए, शोध एवं अध्ययन को दस्तावेज से समृद्ध करना होगा। इसके लिए पूर्वजों के ज्ञान के प्रति स्वत्व का भाव जागृत करना होगा। यह बात उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने भोपाल स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में इनोवेट एमपी मिशन की दृष्टि से सृजित सृजन कार्यक्रम के प्रदर्शनी शुभारम्भ कार्यक्रम में कही। श्री परमार ने कहा कि ग्रामीण भारत के विद्यार्थी, नवाचारी दृष्टि के साथ आगे आ रहे हैं। समाज के प्रश्नों के समाधानकारक नवाचारों के लिए विद्यार्थी आगे आ रहे है। विद्यार्थियों के नवाचारी शोधों के लिए आवश्यक मार्गदर्शन, तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग के साथ साथ, उनके नवाचारों के दस्तावेजीकरण के लिए यह अभिनव पहल की गई है। विद्यार्थियों के नवाचारी विचार से लेकर दस्तावेजीकरण तक की यात्रा में, राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय सहयोग करेगा। मंत्री श्री परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में भारतीय ज्ञान परम्परा पर, प्रदेश में तीव्र गति से क्रियान्वयन हो रहा है। हर विद्या हर क्षेत्र में, भारतीय ज्ञान परम्परा पर पुनर्चिंतन हो रहा है। ईसा के पहले के भारत के समृद्ध ज्ञान पर, शोध एवं अध्ययन जारी है। भारत में हजारों वर्ष पूर्व इंजीनियरिंग और तकनीकी सहित हर क्षेत्र में काम हुए हैं, इसके प्रमाण विश्व मंच पर मिल रहे हैं। मंत्री श्री परमार ने भारत के प्राचीन ज्ञान के विविध उदाहरण प्रस्तुत कर, भारतीय ज्ञान परम्परा पर प्रकाश डाला। मंत्री श्री परमार ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य की चुनौतियों को समझकर, स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 के लक्ष्यों की ओर आगे बढ़ना होगा। आज के युवा विद्यार्थी ही, वर्ष 2047 का विकसित भारत गढ़ेंगे। विकसित भारत 2047 की संकल्पना सिद्धि, विद्यार्थियों की प्रभावी सहभागिता से होगी।

मंत्री श्री परमार ने कहा कि नवाचारों को मंच देने को लेकर, तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा सृजन कार्यक्रम का सूत्रपात किया गया है। मंत्री श्री परमार ने कहा कि प्रदेश को, देश भर में अग्रणी राज्यों में खड़ा करने के लिए हम क्रियाशील हैं। मंत्री श्री परमार ने कहा कि भविष्य में सृजन कार्यक्रम, प्रदेश की विभिन्न संस्थानों में भी सम्पादित करने की कार्य योजना बनाई जाएगी। मंत्री श्री परमार ने सृजन के आयोजकों एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों और उनके मेंटर्स को शुभकामनाएं भी दीं। तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री परमार ने सृजन अंतर्गत शोधार्थी विद्यार्थियों के चयनित नवाचारी प्रोजेक्ट्स पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया। मंत्री श्री परमार ने सृजन कार्यक्रम की स्मारिका का विमोचन भी किया। इस दौरान मंत्री श्री परमार ने शोधार्थियों के नवाचारी प्रोजेक्ट्स का अवलोकन कर, उनका मनोबल भी बढ़ाया। इस प्रदर्शनी में 1600 से अधिक प्राप्त प्रविष्टियों में से, चयनित 150 नवाचारी प्रोजेक्ट्स को प्रदर्शन के लिए स्थान दिया गया है।

## मंत्री टेटवाल ने स्वच्छता के माध्यम से राष्ट्रसेवा का दिया संदेश



मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल ने राजगढ़ जिले की सारंगपुर विधानसभा में प्रात: भ्रमण के दौरान नगर निगम कर्मियों के साथ श्रमदान कर स्वच्छता अभियान में सहभागिता की।

मंत्री श्री टेटवाल ने कहा कि अपने आसपास की स्वच्छता में नागरिकों की सहभागिता देशभक्ति की प्रत्यक्ष अभिव्यक्ति है। मंत्री श्री टेटवाल ने स्वयं झाडू थामकर नगर की गलियों में सफाई की और आमजन को प्रेरित करते हुए कहा कि हमारे सैनिक सीमाओं की सुरक्षा कर रहे हैं, तो हम सबका दायित्व है कि हम समाज और वातावरण की रक्षा करें — यही सच्ची देशसेवा है। मंत्री श्री टेटवाल ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए स्वच्छ भारत मिशन का उल्लेख करते हुए कहा कि यह अभियान स्वच्छता के साथ-साथ सामाजिक चेतना, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम को जागृत करने का माध्यम बन चुका है। मंत्री श्री टेटवाल ने सफाईकर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि उनके नियमित प्रयासों से नगर स्वच्छ और सुंदर बना रहता है। उन्होंने आम नागरिकों से भी आग्रह किया कि वे अपने स्तर पर जागरूकता और सहभागिता के माध्यम से इस राष्ट्रीय अभियान को और सशक्त बनाएं।

## मुयमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना में विवाहित नव-दपीयों को दिलाई जल संरक्षण की शपथ

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च 2025 से संचालित किया जा रहा है, जो 30 जून 2025 तक जारी रहेगा। अभियान में प्रदेश की नदियों, तालाबों, झीलों ,पुराने कुओं ,बावड़ियों और जल धाराओं को सहेज कर उन्हें पुनर्जीवन दिया जा रहा है। जल स्त्रोतों की गाद निकासी, सफाई, सीमांकन और पुनर्जीवन की कार्य योजना बनाई गई है। अभियान में नागरिकों को अनावश्यक रूप से जल प्रवाहित नहीं करने, दैनिक जीवन में पानी का उचित उपयोग करने और मकानों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम एवं जल स्त्रोतों के आसपास सोक पिट बनाकर वर्षा जल संचयन के विषय में जागरूक बनाया जा रहा है।

अशोक नगर के चन्देरी में मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना में 54 वर-वधुओं ने दाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया। इनमें 46 कन्याओं के विवाह तथा 08 कन्याओं के निकाह संपन्न कराये गये हैं। नव विवाहित जोडों और उनके परिजन को वैवाहिक संस्कारों के बाद जलगंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। मानव श्रृंखला बनाकर जल संरक्षण की शपथ, श्रमदान से बावड़ी की सफाई छिंदवाड़ा जिले में मप्र जन अभियान परिषद ने ग्रामवासियों के साथ मिलकर जुन्नारदेव के आदर्श ग्राम भुतहा छाबड़ी में तीन दिशाओं से आने वाली तीनधारी नदी के तटों पर श्रमदान कर झाड़ियां और घास काटकर साफ-सफाई की।

ग्रामीणों को एकत्रित कर जल गंगा संवर्धन और जल संरक्षण के विषय में जानकारी देकर उन्हें जल संरक्षण के कार्यों में सक्रियता से भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। मानव श्रृंखला बनाकर उन्हें जल स्त्रोतों के आस पास साफ-सफाई बनाए रखने और जल का दुरुपयोग रोकने की शपथ दिलाई गई। जिले में मोहखेड़ विकासखंड के देवगढ़ गांव की ऐतिहासिक बावड़ियों की सफाई भी श्रमदान से की गई। यहां की बावड़ियों का जल बड़ा ही स्वादिष्ट बताया जाता है। क्षेत्रवासियों के लिए ये जीवनदायी और आस्था से जुड़ी हुई सांस्कृतिक धरोहर हैं।शहडोल के लल्लू तालाब में श्रमदान के माध्यम से तालाब की साफ सफाई करने का कार्य किया गया। श्रमदान कार्य में नगरपालिका के अधिकारी, कर्मचारी व सफाई टीम व स्थानीय लोगों ने अपनी भूमिका निभाई। अभियान के अंतर्गत जिले में नये तालाब बनाये जा रहे हैं, साथ ही पुराने तालाबों, बावड़ियों और कुँओं का जीर्णोद्धार किया जा रहा है।

## वित्तीय वर्ष 2024-25 में एनर्जी हैंडलिंग का नया कीर्तिमान-ऊर्जा मंत्री तोमर

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि प्रदेश ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में विद्युत प्रणाली के संचालन में ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है। इस वर्ष प्रदेश के पारेषण नेटवर्क ने कुल 1,01,039.88 मिलियन यूनिट ऊर्जा का सफलतापूर्वक संचालन किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 6.2 प्रतिशत अधिक है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश की विद्युत कंपनियों के अभियंताओं और तकनीशियनों की विशेषज्ञता, कुशल प्रबंधन और विद्युत प्रणाली के उत्कृष्ट रख-रखाव का प्रतिफल है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए तीनों विद्युत कंपनियों के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने बताया कि 24 फरवरी 2025 को मध्यप्रदेश में एक दिन में सर्वाधिक एनर्जी हैडलिंग का रिकॉर्ड भी बना। इस दिन 353.77 मिलियन यूनिट ऊर्जा का सफलतापूर्वक संचालन किया गया, जो राज्य की विद्युत प्रणाली की उच्च कार्य क्षमता, विश्वसनीयता और स्थिरता का प्रतीक है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने यह जानकारी भी दी कि पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रदेश में कुल 95,137 मिलियन यूनिट ऊर्जा का संचालन किया गया था। इस वर्ष बिजली की निरंतर बढ़ती मांग को सफलतापूर्वक पूरा करते हुए 6.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। यह उपलब्धि राज्य में सभी स्तरों पर विद्युत प्रणाली की लगातार उपलब्धता के कारण संभव हो सकी।

विगत दो वर्षों से प्रदेश में एनर्जी हैंडलिंग (ऊर्जा संचालन) में निरंतर वृद्धि हो रही है। वर्ष 2022-23 में 88,850 मिलियन यूनिट, वर्ष 2023-24 में 95,137 मिलियन यूनिट, और अब 2024-25 में 1,01,039.88 मिलियन यूनिट ऊर्जा का सफल संचालन हुआ है।

## गांधी सागर डेम का जलस्तर कम करने राणा प्रताप सागर में छोड़ा जाएगा पानी

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। पहली बार ऑफ-सीजन में मप्र जल संसाधन विभाग गांधी सागर डेम से बड़ी मात्रा में पानी छोड़ने जा रहा है। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि नीमच के खिमला गांव में ग्रीनको कंपनी के पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट (पीएसपी) का निर्माण कार्य बारिश से पहले पूरा किया जा सके। रिन्यूएबल एनर्जी स्टोरेज से जुड़े इस प्रोजेक्ट के लिए डेम के डूब क्षेत्र में काम किया जाना है।

वर्तमान में गांधी सागर डेम में डैड स्टोरेज के ऊपर 3800 एमसीएम उपयोगी पानी मौजूद है। राजस्थान सरकार से एनओसी और मप्र शासन की सिफारिश पर जल संसाधन विभाग ने गांधी सागर डेम से पानी छोड़ने की सशर्त मंजूरी जारी कर दी है। गांधी सागर से 892 एमसीएम पानी को राजस्थान के राणा प्रताप सागर में ट्रांसफर किया जाएगा।

मप्र जल संसाधन विभाग के ईएनसी विनोद कुमार देवड़ा ने बताया कि मप्र में रबी सीजन खत्म हो चुका है, इसलिए सिंचाई के लिए पानी की जरूरत भी लगभग खत्म हो गई है। 30 जून तक पेयजल और औद्योगिक उपयोग के लिए पानी की जरूरत सिर्फ 312 एमसीएम है। ऐसे में 892 एमसीएम पानी ट्रांसफर करने के बावजूद गांधी सागर में 2600 एमसीएम पानी बना रहेगा।

## नगरीय विकास की योजनाओं के बेह्तर प्रबंधन के लिये लीन मैनेजमेंट का हो उपयोग



मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। शहरी मामलों के विशेषज्ञ प्रो. सुभाष रस्तोगी ने कहा है कि नगरीय विकास से जुड़ी योजनाओं में बेहतर प्रबंधन के लिये लीन मैनेजमेंट का उपयोग होना चाहिए। इसके उपयोग से किसी भी कार्य में कीमत को प्रभावित किये बिना टॉस्क को पूरा करने के समय को कम करने साथ ही कर्मचारियों के काम करने की परिस्थितियों में आवश्यक सुधार किया जाता है। प्रो. रस्तोगी नगरीय विकास विभाग के अधिकारियों की भोपाल में हुई बैठक में इस विषय पर चर्चा कर रहे थे। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री संजय शुक्ला भी मौजूद थे। प्रो. रस्तोगी ने कहा कि लीन मैनेजमेंट प्रक्रियाओं को प्रबंधित करने और काम को संगठित करने का एक तरीका है।

जिसका उद्देश्य कंपनी की उत्पादकता और दक्षता में वृद्धि करना होता है। उन्होंने कहा कि इस नीति का अर्थ अपने उत्पादों की गुणवत्ता और उनकी लाभप्रदता में वृद्धि करना है। यह उत्पादन और व्यावसायिक प्रक्रियाओं को अनुकूलित करके हासिल किया जाता है। प्रो. रस्तोगी ने बताया लीन मैनेजमेंट में माल की कीमत को प्रभावित किये बिना किसी टॉस्क को पूरा करने के समय को कम करना, साथ ही जिन स्थितियों में कर्मचारी काम करते हैं, उनमें भी आवश्यक रूप से सुधार किया जाता है।

अपर मुख्य सचिव श्री शुक्ला ने विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही नगरीय विकास परियोजनाओं में तेजी लाने के उद्देश्य से शहरी मामलों के विशेषज्ञ प्रो. रस्तोगी के साथ चर्चा को महत्वपूर्ण बताया। बैठक में योजनाओं के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के विभिन्न उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। अपर मुख्य सचिव श्री शुक्ला ने कहा कि नगरीय विकास की जल प्रदाय और सीवरेज जैसी विकास योजनाएँ आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस उद्देश्य से इन योजनाओं का समय-सीमा में पूर्ण किया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि विभाग को इस दिशा में प्रो. रस्तोगी का तकनीकी अनुभव फायदा मिलेगा।

## चिकित्सा आपदा की तैयारियों को लेकर सीएमएचओ ने ली नोडल अधिकारियों और संस्था प्रभारियों की बैठक



मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। पड़ोसी देश के साथ मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए आपातकालीन चिकित्सा तैयारियों के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल द्वारा शनिवार को विभागीय नोडल अधिकारियों, अस्पताल अधीक्षकों, खंड चिकित्सा अधिकारियों की बैठक ली गई। बैठक में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन के निर्देशों की जानकारी देकर तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में संभावित चिकित्सा आपात स्थितियों के लिए उच्च अलर्ट पर रहने और व्यापक तैयारी सुनिश्चित करने के लिए बिंदुवार चर्चा की गई।

सीएमएचओ ने नोडल अधिकारियों और संस्था प्रभारियों को अधीनस्थ स्वास्थ्य संस्थाओं में आपातकालीन स्थिति के दौरान मास कैजुअल्टी प्रबंधन के लिए विद्युत व्यवस्था , जनरेटर, पानी, ऑक्सीजन, अग्निशमन यंत्रों की जांच कर उन्हें सक्रिय अवस्था में रखने के निर्देश दिए गए। सभी बड़े अस्पतालों में लैंडलाइन नंबर को एक्टिव कर संस्था में आने वाले मरीजों को इसकी जानकारी दी जाएगी ताकि इंटरनेट सेवा बाधित होने पर इन नंबरों पर संपर्क किया जा सके। अस्पतालों में ड्रग स्टोर के साथ साथ सभी आवश्यक दवाइयां वार्ड में भी रखी जाएंगी। इमरजेंसी की स्थिति में जनरेटर, इन्वर्टर के साथ साथ ड्राई बैटरी टॉर्च की व्यवस्था भी की जाएगी। उपकरणों और दवाइयों की नियमित मॉनिटरिंग चेकलिस्ट बनाकर की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए सभी बिंदुओं पर तैयारियों का परीक्षण किया जा रहा है।

## हाथकरघा एवं हस्तशिल्प के क्षेत्र में किये गए हैं उल्लेखनीय कार्य-राज्यमंत्री श्री जायसवाल

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि प्रदेश में हाथकरघा एवं हस्तशिल्प के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में भोपाल, शहडोल, जबलपुर, ग्वालियर, सागर और इन्दौर में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में हाथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास निगम द्वारा सफलतापूर्वक भाग लिया गया। निगम के मृगनयनी एम्पोरियम, मुम्बई व टी.टी. नगर, भोपाल को विश्व स्तर पर आकर्षित करने के लिये आंतरिक साज-सज्जा की गयी।

राज्यमंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि हैण्डलूम दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेश के 5 बुनकरों को पुरस्कृत किया गया। हैण्डलूम कपड़ों पर आधारित फैशन-शो का आयोजन कॉलेज की छात्राओं के सहयोग से गौहर महल भोपाल में किया गया। निगम ने बर्मिंघम, इंग्लैंड में 1 से 4 सितम्बर 2024 तक आयोजित ओटोमन फेयर में भी भाग लिया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल लक्ष्य 32 करोड़ रूपये के विरूद्ध 20 करोड़ रूपये की लक्ष्य उपलब्धि प्राप्त हुई, जो विक्रय लक्ष्य का 62.5 प्रतिशत है। वर्ष 2025-26 के लिये निगम की ब्रिकी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 34.71 करोड़ रूपये का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। एम्पोरियम के माध्यम से प्रदर्शनी, थीम सेल, एक्सपो का आयोजन कर अधिक से अधिक बिक्री कर लक्ष्य की प्राप्ति की जायेगी। राज्यमंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि माह मार्च 2025 में हैरिटेज कलेक्शन प्रदर्शनी का आयोजन गौहर महल भोपाल में किया गया। निगम की वेब साइट का निर्माण एमपीएसईडीसी के माध्यम से किया जा रहा है, जिसका निगम के उत्पादों की बिक्री के लक्ष्य प्राप्ति में अहम योगदान होगा। वर्ष 2024-25 में विशेष रूप से बड़ी प्रदर्शनी जैसे सावन मेला, दीपोत्सव मेला, लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर मेले का आयोजन किया।

## जबलपुर, रीवा में सक्रिय हैं बाघ के शिकारी, अलर्ट जारी

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। जबलपुर, रीवा, छतरपुर और शहडोल फॉरेस्ट सर्किल में आदतन बाघ शिकारी गिरोह के सक्रिय होने को लेकर मप्र टाइगर स्ट्राइक फोर्स ने अलर्ट जारी किया है। दो दिन पहले जारी इस अलर्ट के मुताबिक, विंध्य महाकौशल क्षेत्र के टाइगर रिजर्व, वन मंडल और बाघ विचरण क्षेत्र में शिकारियों की सक्रियता के साक्ष्य मिले हैं। आशंका है कि यह वही शिकारी गिरोह हैं जिन्हें पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। इन बाघ शिकारियों का संबंध कटनी और पन्ना जिले के बाघ शिकारी गिरोहों से भी रहा है। टाइगर स्ट्राइक फोर्स ने सीधी जिले के बहली, चुरहट, गोपद, बनास और मझोली और सिंगरौली जिले के देवसर और सरई में गश्ती बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही शहडोल जिले के ब्यौहारी, जयसिंहनगर और बुढ़ार, पन्ना के शाहनगर, छतरपुर के जटाशंकर व खजुराहो, उमरिया के मानपुर बांधवगढ़, चंदिया, बिलासपुर, घुनघुटी और अनूपपुर जिले के जौथारी, सतना के उचेहरा, मैहर में भी विशेष निगरानी रखने को कहा है। इन सभी स्थानों पर श्वानदलों की तैनाती के साथ लगातार सर्चिंग करने को कहा गया है।

# आपदा प्रबंधन को लेकर नर्सिंग होम संचालकों तथा स्वास्थ्य सेवा से जुड़े संस्थाओं के प्रतिनिधियों की कलेक्टर ने ली बैठक





**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के अनुक्र म में आपदा प्रबंधन को दृष्टिगत रखते हुए नर्सिंग होम संचालकों तथा स्वास्थ्य सेवा से जुड़े संस्थाओं के प्रतिनिधियों की बैठक कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में रविवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में मेडीकल कॉलेज के डीन डॉ. शशिधर गर्ग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी, डिप्टी कलेक्टर एलआर जांगड़े, सिविल सर्जन डॉ. मनोज शुक्ला सहित चिकित्सक और नर्सिंग होम संचालक उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर ने सभी नर्सिंग होम के संचालकों से कहा कि अपने-अपने चिकित्सालयों में उपलब्ध सुविधायें उपकरण आदि की जानकारी तैयार कर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को भेजना सुनिश्चित करें। सभी नर्सिंग होमो के संचालक अपने-अपने चिकित्सालय में एक-एक नोडल अधिकारी नियुक्त कर दें। नोडल अधिकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से समन्वय बनाकर नर्सिंग होम में सुविधाओं एवं रिसोर्स की मैपिंग कर शेयर करें। आवश्यकता पडने पर नर्सिंग होम में उपलब्ध सुविधाओं एवं संसाधनों का सहयोग लिया जायेगा।

## सेवा ऐसी करो भगवान स्वयं दर्शन देने आए: स्वामी ईश्वर दास

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** श्री धामा आश्रम में पिछले सात दिन से महंत स्वामी ईश्वरदास उदासीन जी के सानिध्य में चल रहे श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का विश्राम स्वामी जी संत समाज एवं ब्राह्मण समाज वं कथा वाचक पंडित अशोक बाजपेयी जी की गरिमामय उपस्थिति में हर्षोल्लास पूर्वक हुआ


समापन अवसर के पूर्व आश्रम में प्रातः से ही आनेको अनेक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें अनेको परिवार उपस्थित होकर यज्ञ हवन में शामिल होकर यज्ञ हवन में आहुति दी एवं सत्संग का लाभ लिया

प्रातः सत्संग में स्वामी ईश्वरदास उदासीन जी ने सेवा का भाव बताते हुए कहा सेवा ऐसी करनी चाहिए जिस प्रकार सबरी सेवा में लगी रही अनेकों बार दुत्कार मिलने के बाद भी वह सेवा में लगी रही और भगवान श्रीराम को स्वयं दर्शन देने आना पड़ा सेवा सत्संग सिमरन इससे ज्यादा मानव को और क्या चाहिए संत श्री सामानाराम कामदार जी भाई प्रह्लाद जी ने भी कथा का श्रवण किया।

आश्रम के सेवाधारी विनोद गेलानी ने जानकारी देते हुए बताया कथा समापन पर दोपहर 12 से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो की तादाद में भक्तगणों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

## मां बच्चे की प्रथम पाठशाला है: पंडित बाजपेयी




**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मां बच्चे की प्रथम पाठशाला है क्योंकि पुत्र जितना मां के सानिध्य में रहता है उतना पिता के नहीं इसलिए पुत्र के जीवन निर्माण में मां का प्रथम योगदान होता है उक्त बातें श्री धामा आश्रम में महंत स्वामी ईश्वरदास उदासीन जी के सानिध्य में पिछले 5 मई से चल रहे श्रीमद् भागवत कथा में ज्ञान का श्रवणा कर रहे कथा वाचक पंडित अशोक वाजपेयीजी ने कथा के माध्यम से कही

श्री वाजपेयी जी ने भक्तों पर अमृत की वर्षा करते हुए आगे कहा देवषि नारद की तपस्या पर उन्होंने कहा नारद ने काम विजय तो किया पर अहंकार उत्पन्न हो गया अर्थात् एक रोग तो मिट गया परंतु दूसरा रोग तैयार हो गया।

साधक के सतत इस बात का स्मरण रहना चाहिए कि अभी खतरा टला नहीं है क्योंकि खतरा नहीं है ऐसा भाव आना भी बड़े खतरे में ले जाता है।

अतः साधक से निरंतर सावधान रहना चाहिए गुणनिधि की चर्चा पर उन्होंने कहा गुणनिधि के अपराधों के उनके पिता से छुटकारा उसकी मां का पुत्र के प्रति मन की अधिकता के दर्शाता है अर्थात कहीं ना कहीं गुणनिधि के अपराधी होने का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष मां का पुत्र के प्रति अधिक मोह हे। मां बच्चे की प्रथम पाठशाला है चूंकि पुत्र जितना मां के सानिध्य में रहता है उतना पिता के नहीं इसलिए पुत्र के जीवन में निर्माण में मां का प्रथम योगदान होता है । अतः समस्त माताओ के पुत्र की गतिविधियों पर पहनी दृष्टि रखनी चाहिए अत्यंत दीप दान के पुण्य प्रभाव से गुननिधि के सादगति मिली इसका भाव हैं कि दीप स्वयं के प्रभावित न करते हुए दूसरों के प्रकाश देता है इसलिए सही यही मार्ग साधक के लिए कल्याण कारी है अर्थात प्रत्येक व्यक्ति की चेष्टा दूसरों के हित में होनी चाहिए हमारे मन बुद्धि कर्म से दूसरे प्रकाशित होते रहे यही मानव मात्र के लिए सच्चा दीपदान है

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विनोद गेलानी ने बताया प्रातः 9.00 बजे श्री महापुराण भागवत कथा एवं दोपहर 12.00 बजे पूर्णाहुति एवं भंडारे का आयोजन भी किया गया है।

## मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने 11 लापरवाहों को दिया नोटिस

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने जल गंगा संवर्धन अभियान और विभागीय कार्यों में लापरवाही बरतने पर 11 अधिकारियों और कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस दिया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने 10 मई को जनपद सभागार हनुमना में आयोजित बैठक में अनुपस्थित रहने तथा जल गंगा संवर्धन अभियान में रूचि न दिखाने पर नोटिस दिया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने उप यंत्री रामचन्द्र कुशवाहा, उप यंत्री हर्षित पाण्डेय, उप यंत्री अंशुल पटेल, उप यंत्री आरके पटेल, उप यंत्री डीके मिश्रा तथा उप यंत्री रूपेश सिन्हा को नोटिस दिया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने ग्राम रोजगार सहायक हटवा निर्भयनाथ, प्रियंका मिश्रा, ग्राम पंचायत हटा सभानारायण यादव, ग्राम पंचायत गौरी शारदा प्रसाद शुक्ला, ग्राम पंचायत बधैया आशुतोष मिश्रा तथा ग्राम रोजगार सहायक पंचायत भगदेवा शीला मिश्रा को कारण बताओ नोटिस दिया है। नोटिस का संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर एक पय अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

## कमिश्नर गूगल मीट से करेंगे आज करेंगे आपदा प्रबंधन की समीक्षा

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद 12 मई को कमिश्नर कार्यालय सभागार से शाम 4 बजे से आयोजित गूगल मीट में आपदा प्रबंधन के तैयारियों की समीक्षा करेंगे। संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक तथा आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी अधिकारी गूगल मीट में शामिल रहेंगे।

## गत वर्ष हुआ था 48.38 लाख मीट्रिक टन गेहूँ उपार्जन

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किसानों के हित में न्यूनतम समर्थन मूल्य के अतिरिक्त 175 रुपये प्रति क्विंटल बोनस की घोषणा के परिणामस्वरूप इस वर्ष लगभग 9 लाख किसानों से 77 लाख 74 हजार मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन हुआ है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष 48 लाख 38 हजार मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन हुआ था। मंत्री श्री राजपूत ने किसानों के हित में मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा दिये गये बोनस पर उनका आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि गेहूँ के उपार्जन में मध्यप्रदेश देश में दूसरे स्थान पर है। मंत्री श्री राजपूत ने बताया है कि किसानों से उपार्जित गेहूँ में से 73 लाख 51 हजार मीट्रिक टन से अधिक गेहूँ का सुरक्षित भण्डारण भी किया जा चुका है। किसानों को उपार्जित गेहूँ का भुगतान भी लगातार किया जा रहा है। अभी तक लगभग 17 हजार 870 करोड़ रूपये से अधिक का भुगतान किसानों को किया जा चुका है। गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये है और राज्य सरकार द्वारा 175 रूपये प्रति क्विंटल बोनस दिया गया है। इस तरह से गेहूँ की खरीदी 2600 रूपये प्रति क्विंटल की दर से की गयी।

## नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** गृह विभाग मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुक्रम में नागरिक सुरक्षा अधिनियम 1968 के तहत आपदा की स्थिति में गैर सरकारी संगठनों, राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी और सिविल स्वयं सेवकों की भागीदारी सुनिश्चित कर आपातकालीन परिस्थितियों में नागरिकों की सुरक्षा एवं सहायता तथा प्रशासन के सहयोग हेतु इच्छुक व्यक्तियों को सिविल डिफेंस वालेंटियर के सदस्य के रूप में पंजीकृत किया जाना है। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा इस कार्य हेतु सतना जिला अंतर्गत प्रभारी अधिकारी राहत शाखा को जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन का नोडल अधिकारी तथा कमांण्डेन्ट होमगार्ड को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है।

## राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी आज सतना आयेंगी

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी 12 मई को प्रातः 6.40 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से सतना आयेंगी।

### जल गंगा संवर्धन अंतर्गत नदी पुनर्जीवन कार्यशाला सम्पन्न

# मां मंदाकिनी के प्रति श्रद्धा और सेवा से होगा नदी पुनर्जीवन





**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जल गंगा संवर्धन अभियान सतना के अंतर्गत मां मंदाकिनी नदी पुनर्जीवन जागरूकता अभियान का शुभारंभ एक दिवसीय कार्यशाला के माध्यम से किया गया। इस अभियान का प्रथम चरण 11 मई से 18 मई तक आयोजित होगा। इसी क्र म में नदी पुनर्जीवन पर एक दिवसीय कार्यशाला कृषि विज्ञान केन्द्र मझगवां में आयोजित की गई। इस मौके पर कुलगुरु महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय भरत मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन, तकनीकी विशेषज्ञ प्रवीण पाठक, संभाग समन्वयक, जन अभियान परिषद, रीवा संभाग, डॉ. नवीन शर्मा, डॉ. अखिलेश जांगड़े, वरिष्ठ वैज्ञानिक, कृषि वैज्ञानिक केंद्र, मझगवां तथा जिला समन्वयक डॉ. राजेश तिवारी उपस्थित रहे। कार्यशाला का शुभारंभ मां भारती और भारतर% नानाजी देशमुख के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।


एक दिवसीय कार्यशाला में वर्षा जल संचयन से मंदाकिनी नदी पुनर्जीवन विषय पर संबोधन करते हुए अभय महाजन द्वारा वैश्विक जल चुनौती और नदियों में उत्पन्न हो रहे जल संकट के प्रति चिंता जाहिर करते हुए कहा कि मंदाकिनी नदी जो अत्यंत प्राचीन और पौराणिक है। जिसकी महिमा चित्रकूट के कण-कण में व्याप्त है, इसलिए नदी पुनर्जीवन विषय समय की आवश्यकता है। आज की यह कार्यशाला आगामी समय में मंदाकिनी पुनर्जीवन हेतु सामाजिक भागीदारी के साथ-साथ तकनीकी विषय की समझ बढ़ाने में सहयोगी होगी।

कार्यक्रम में कुलगुरु भरत मिश्रा ने कहा कि नदियां जीवन दायिनी है और इनके सदानीरा रहने से आस-पास के क्षेत्रों में मानव जीवन के साथ-साथ वनस्पति और जीव जगत फलते-फूलते है। आज की यह कार्यशाला हमें नदियों के साथ क्या व्यवहार होना चाहिए उसकी शिक्षा देती है। वर्तमान समय में सबसे बड़ी चुनौती प्लास्टिक प्रदूषण है। जिसके कारण हमारी नदियां प्रदूषित हो रही है। इसलिए हम सभी का यह प्रयास होना चाहिए कि अपनी आस्था को प्लास्टिक मुक्त रखकर हम नदियों के आस-पास के परिवेश को प्लास्टिक मुक्त रख कर अपना योगदान कर सकते है। सीईओ जिला पंचायत सीईओ संजना जैन ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा मां मंदाकिनी के पुनर्जीवन के लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाकर कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। जिसमें आस-पास के क्षेत्रों में विभिन्न जल संरचनाएं निर्मित करते हुए सघन पौधारोपण के माध्यम से जल संचयन के प्रयास प्रारंभ होंगे। खेत तालाब योजना की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किसानों को स्वयं की भूमि में तालाब निर्मित कराने के लिए आवेदन मंगाए जा रहे है। जिसके आधार पर जिला प्रशासन द्वारा चिन्हित स्थान का चिन्हांकन कर तालाब निर्माण हेतु मनरेगा के माध्यम से तालाब के उत्खनन का कार्य प्रारंभ हो सकेगा। कार्यशाला में आयोजित तकनीकी सत्रों के अंतर्गत प्रवीण पाठक द्वारा नदी पुनर्जीवन और जन सहभागिता विषय पर अपना विषय रखते हुए नदी पुनर्जीवन के चार आयाम नदी सदानीरा, नदी स्वच्छता, नदी सुपोषण और नदी श्रद्धा पर अपनी बात रखी। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. नवीन शर्मा द्वारा वर्षा आधारित खेती में उत्पादन वृद्धि के साथ वर्षा जल संचयन की विभिन्न पद्धतियों पर विस्तार से चर्चा की। वैज्ञानिक डॉ अखिलेश जांगड़े द्वारा जल की आवश्यकता स्थिति और संभावना विषय पर चर्चा की गई। सहभागी सत्र के उपरांत उपस्थित किसानों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा सामुदायिक नेतृत्वकर्ताओं ने भी अपने अनुभव साझा किए तथा जल गंगा संवर्धन के अंतर्गत योगदान को साझा किया।

## शानदार रहा सुदर्शन स्कूल के छात्रों का बोर्ड परीक्षा परिणाम









**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सुदर्शन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल आचार्य विनोबा भावे वार्ड क्रमांक 15 सतना के विद्यार्थियों ने एमपी बोर्ड 10वीं और 12वीं की परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन,

कक्षा दसवीं की आकृति ठाकुर ने 93.02% के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, दीपांशु केसरवानी ने 92. 98%, कृष्णा कुशवाहा ने 92.5%, सागर साकेत में 90.4%, शुभा मिश्रा ने 78. 4% अंक अर्जित कर क्रमशः दूसरा, तीसरा, चौथा एवं पांचवा स्थान प्राप्त किया। साथ ही कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों ने भी काबिले तारीफ प्रदर्शन किया गणित संकाय के हिमांशु मिश्रा ने 91% अंक के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, वाणिज्य संकाय के आनंद कुमार गौतम ने 87% अंक, जीव विज्ञान संकाय से खुशी कुशवाहा ने 86.6% ,स्वस्ति त्रिपाठी ने 84.4% और महक सोंधीया ने 79.8 % अंक अर्जित कर क्रमशः दूसरा, तीसरा ,चौथा एवं पांचवा स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय के संचालक श्री राजकुमार कुशवाहा जी ने सभी विद्यार्थियों को आशीष देते हुए कहा कि आगे भी आप सभी अपनी लगन और मेहनत से इसी प्रकार शानदार प्रदर्शन करते रहे जिससे आपके माता-पिता शिक्षक गण और विद्यालय का नाम रोशन हो विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन से अभिभावक एवं शिक्षक गण अत्यंत प्रसन्न हैं!

विद्यालय के प्रबंधक श्री अंशुल कुशवाहा जी ने कहा कि विद्यार्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत और परिश्रम से जो अंक प्राप्त किए हैं उसके पीछे उनके शिक्षकों की मेहनत एवं अभिभावकों का सहयोग छिपा हुआ है इसलिए में सभी शिक्षकों एवं अभिभावकों का सहयोग हेतु आभारी हु साथी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ !

# आदि शंकराचार्य ने सनातन को एकता के सूत्र में पिरोने का काम किया




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड रायपुर कर्चुलियान के तत्वाधान में जगत गुरु शंकराचार्य के जीवन तथा उनके दर्शन पर एक दिवसी विचार गोष्ठी का आयोजन रायपुर कर्चुलियान शासकीय कालेज प्रांगण में किया गया संगोष्ठी का शुभारंभ आदि शंकराचार्य के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया व्याख्यान माला के मुख्य अतिथि गायत्री परिवार के संत ललिता प्रसाद ने आदि शंकराचार्य पर चर्चा करते हुए कहा कि ब्रह्म सत्य जगत मिथ्या के मूल मंत्र को जनसाधारण के बीच पहुंचाने का काम आदि शंकराचार्य जी ने किया है उन्होंने वेदों उपनिषदों और भागवत गीता को सरल भाषा में लिखकर जन साधारण के लिए सुलभ कराया सच्चे अर्थों में आदि शंकराचार्य जी का अवतरण उस समय हुआ जब धार्मिक क्षेत्र में सदाचार लुप्त हो रहा था कर्मकांड और प्रपंच हावी हो चुका था ऐसे समय में आदि गुरु शंकराचार्य ने सनातन के भाग विधाता के रूप में "जन्म लेकर सनातन संस्कृति के पुनर्जीवन के लिए काम किया उन्होंने देश के चारों कोनो पर पीठ की स्थापना कर उसकी व्यवस्था बनाई जो आज भी हम सब का मार्गदर्शन कर रही हैं वही व्याख्यान माला को अधिवक्ता योगेंद्र शुक्ला ने संबोधित करते हुए कहा कि 32 वर्ष की अल्प आयु में आदि शंकराचार्य जी ने वेद वेदांत की जो मीमांसा की वह जनसाधारण के हृदय में प्रवाहित हो रही हैं उन्होंने आचार्य परंपरा की स्थापना की जो अब भी सनातन संस्कृति के गौरव का केंद्र बनी हुई है ब्लॉक सेरेमिक श्रीमती सुषमा शुक्ला ने विषय प्रवेश करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद सामाजिक सरोकार के साथ-साथ सनातन संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संकल्पित होकर काम कर रही है आदि शंकराचार्य जी के कृतित्व और व्यक्तित्व से हमारे युवा प्रेरणा लेकर समाज में क्रांति दूत के रूप में आगे आकर सामाजिक बुराइयों को दूर करने में जुटे जिससे हमारी सनातन संस्कृति और परंपरा गौरव वनविदित होती रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक समन्वयक श्रीमती सुषमा शुक्ला जी के द्वारा की गई अतिथियों के द्वारा शंकराचार्य जी के जीवन पर चर्चाएं की गई* तथा संपर्क कक्षाएँ विधिवत संचालित कि गयी इस अवसर पर विधायक प्रतिदिन अनिल सिंह बीके पांडेपरामर्शदाता *महेंद्र कुमार श्रीवास्तव, सुश्री श्रद्धा सिंह श्री मनोज कुमार नापित श्रीमती शिवानी पांडेय डा अंशुमाला सिंह कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ समाज सेवी एवं नवांकुर संस्था के अध्यक्ष राजरखन पटेल जी के द्वारा किया गया आभार प्रदर्शन एमएसडब्ल्यू छात्र प्रकाश सिंह गहरवार के द्वारा किया गया कार्यक्रम मे बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के छात्रगण उपस्थित रहे।

# विचार

## युद्ध विराम का श्रेय मोदी या ट्रंप के नाम

भारत और पाकिस्तान के बीच लड़ाई निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई थी। उसी बीच युद्ध विराम की खबर आ गई। युद्ध विराम की यह खबर अमेरिका से चलकर भारत पहुंची। भारत ने पुष्टि की। उसके बाद से युद्ध विराम को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होने लगी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने युद्ध विराम का श्रेय लिया है। सबसे पहले उन्होंने ही युद्ध विराम का संकेत दिया, डोनाल्ड ट्रंप ने मध्यस्थता का भी दावा किया। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा अमेरिका की मध्यस्थता में लंबी बातचीत के बाद भारत और पाकिस्तान तत्काल युद्ध विराम के लिये सहमत हो गए हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा 48 घंटे तक अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी बेंस, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के विदेश मंत्री जयशंकर तथा पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ सेना प्रमुख मुनीर से उपराष्ट्रपति बेंस लगातार बात कर रहे थे। दोनों देश युद्ध विराम और बातचीत के लिए तैयार हो गए हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सीज फायर के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का शुक्रिया अदा किया। पाकिस्तान ने चीन, सऊदी अरब, तुर्की और कतर को भी धन्यवाद दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भारत में युद्ध को लेकर जो छवि बनाई गई थी। इस बार पाकिस्तान के साथ निर्णायक लड़ाई होनी थी। पाक अधिकृत कश्मीर को भारत में शामिल किए जाने के दावे किए जा रहे थे। पाकिस्तान की 4 दिनों में जिस तरह की हालत थी। उसके बाद यह लग रहा था कि भारत जल्द ही पाक अधिकृत कश्मीर को अपने कब्जे में लेगा। वहीं बलूचिस्तान को स्वतंत्र राष्ट्र घोषित करेगा। पाकिस्तान को भारत ऐसा सबक सिखाएगा, जिसको वह कई पीढ़ियों तक नहीं भूल पाएगा। भारत का मीडिया भी इसी तरह की खबरों को लगातार चला रहा था। भाजपा का आईटी सैल भी यही दावा कर रहा था। जैसे ही अमेरिका की मध्यस्थता में भारत ने सीज फायर के लिए सहमति दी। उसके बाद भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जो छवि बनाई गई थी। उसमें समर्थकों को बड़ा धक्का लगा। इतने वर्षों तक जम्मू कश्मीर और पाकिस्तान को लेकर कभी भी भारत ने किसी अन्य देश की मध्यस्थता को स्वीकार नहीं किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीज फायर और मध्यस्ता की बात स्वीकार करने से अभी तक उनकी जो छवि बनी हुई थी। उसमें जबरदस्त नुकसान देखने को मिल रहा है। जैसे ही सीज फायर की घोषणा हुई, उसके बाद नेशनल मीडिया के सभी चैनल और उनके एंकर एकदम से हतप्रभ रह गए। उन्हें सूझ नहीं रहा था, कि अब वह किस तरीके से अपने कार्यक्रम को आगे बढ़ाएं। पहलगाम की घटना के बाद बड़े-बड़े दावे किए जा रहे थे। एक ही झटके में वह हवा हवाई हो गए। कुछ इसी तरह की स्थिति भाजपा आईटी सेल की हो गई। भारत सरकार ने सीज फायर और मध्यस्थता की बात स्वीकार करके सबको हैरान और परेशान कर दिया।

# पाकिस्तान को अपने नागरिकों के हित में अपनी भारत विरोधी नीति को छोड़ना ही होगा

**पाकिस्तान के जन्म के साथ ही वहां के राष्ट्रीय दलों एवं नेताओं ने भारत विरोध को अपनी अधिकारिक नीति बना लिया था। पाकिस्तान के आर्थिक विकास पर ध्यान नहीं देते हुए, किसी भी प्रकार भारत के हितों को क्षति पहुंचाई जाए, इस बात पर अधिक ध्यान दिया गया। भारत को हानि पहुंचाने के उद्देश्य से पाकिस्तान द्वारा कई आतंकवादी संगठन खड़े किए जाते रहे एवं इन संगठनों के आतंकवादी सदस्यों को भारत भेजा जाता रहा। भारत, हालांकि पाकिस्तान द्वारा भारत में भेजे गए इन आतंकवादीयों को मौत के घाट उतारने में लगातार सफल होता रहा, परंतु, कुछ अवसरों पर इन आतंकवादीयों को भी भारत में अप्रिय घटनाओं को अंजाम देने में सफलता हासिल होती रही। वैश्विक मंचों पर भी पाकिस्तान भारत पर निराधार आरोप लगाकर भारत को बदनाम करने के लगातार प्रयास करता रहा है।**



भारत के इस अंधे विरोध के चलते पाकिस्तान की आर्थिक प्रगति पूर्णतः बाधित हुई है। भारत और पाकिस्तान वर्ष 1947 में एक साथ राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त करते हुए आगे बढ़े थे। परंतु, आज पूरे विश्व में भारत एक महाशक्ति बन गया है जबकि पाकिस्तान लगातार केवल आतंकवादी संगठनों की स्थापना करते हुए आज विश्व में आतंकवादी पैदा करने की सबसे बड़ी फैक्टरी बन गया है तथा आर्थिक प्रगति के मामले में तो एकदम पिछड़ गया है।

आज भारत का सकल घरेलू उत्पाद 4.19 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है और भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है जबकि पाकिस्तान का सकल घरेलू उत्पाद केवल 37,900 करोड़ रुपए का ही है। भारत में प्रति व्यक्ति आय 11,110 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष है जबकि पाकिस्तान में प्रति व्यक्ति आय 6,720 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष है, अर्थात भारत की तुलना में लगभग आधी, जबकि भारत की जनसंख्या 140 करोड़ से अधिक है तो वहीं पाकिस्तान की जनसंख्या केवल लगभग 25 करोड़ ही है। इसी प्रकार, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 68,800 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर गया है, जो कि संभवतः इस वर्ष एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर को भी पार कर सकता है। वहीं, पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार केवल 1,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर का ही है। पाकिस्तान पूरे विश्व में विभिन्न वित्तीय संस्थानों एवं देशों से सबसे अधिक बार ऋण लाने वाले एवं आर्थिक सहायता प्राप्त करने वाले देशों की सूची में प्रथम स्थान पर काबिज है। अभी भी, पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मोनेटरी फंड से 700 करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण लेने का प्रयास कर रहा है। जबकि भारत अन्य देशों को ऋण प्रदान करने की स्थिति में पहुंच गया है।

वित्तीय वर्ष 2022 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 9.7 प्रतिशत एवं वित्तीय वर्ष 2023 में 7.6 प्रतिशत, वित्तीय वर्ष 2024 में 9.2 प्रतिशत एवं वित्तीय वर्ष 2025 में 6.5 प्रतिशत की रही है। इसके विपरीत पाकिस्तान के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर वित्तीय वर्ष 2022 में 6.2 प्रतिशत, वित्तीय वर्ष 2023 में ऋणात्मक 0.2 प्रतिशत, वित्तीय वर्ष 2024 में 2.5 प्रतिशत एवं वित्तीय वर्ष 2025 में 2.6 प्रतिशत की वृद्धि दर रही है। जबकि, भारत के सकल घरेलू उत्पाद का आकार पाकिस्तान के सकल घरेलू उत्पाद के आकार का 11 गुणा से भी अधिक है। भारत के बड़े आकार के सकल घरेलू उत्पाद पर वृद्धि दर भी अधिक है और पाकिस्तान के छोटे आकार के सकल घरेलू उत्पाद पर वृद्धि दर भी कम है। इससे तो भविष्य में पाकिस्तान, भारत की तुलना में और अधिक पिछड़ता जाएगा।

भारत में केंद्र सरकार का वित्तीय बजट प्रतिवर्ष लगभग 50 लाख करोड़ रुपए से अधिक का रहता है जबकि पाकिस्तान का वित्तीय बजट केवल 5.65 लाख करोड़ भारतीय रुपए (पाकिस्तानी रुपए में 18.9 लाख करोड़ रुपए) का ही रहता है। भारत का वार्षिक वित्तीय बजट पाकिस्तान के वार्षिक वित्तीय बजट से लगभग 10 गुणा है। पाकिस्तान के वार्षिक बजट के आकार से अधिक आकार का बजट तो भारत में अकेले उत्तर प्रदेश राज्य का ही है। भारत में केंद्र सरकार के उपक्रम एवं अन्य उपक्रम केंद्र सरकार को लाखों करोड़ रुपए की राशि डिवीडेंड के रूप में उपलब्ध करा रहे हैं। इस वर्ष, अकेले भारतीय रिजर्व बैंक ही 2.5 से 3 लाख करोड़ रुपए की राशि का लाभांश केंद्र सरकार को उपलब्ध कराने जा रहा है। अकेले वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण ही लगभग 2.25 लाख करोड़ रुपए से अधिक प्रति माह के स्तर पर पहुंच गया है। भारत में अप्रेल 2025 माह में 2.37 लाख करोड़ रुपए का वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण हुआ है।

रक्षा के क्षेत्र में भी भारत आज पूरे विश्व में एक सक्षम एवं अनुशासित महाशक्ति बन चुका है। अतः पाकिस्तान को भारत से लड़ाई करने का विचार ही अपने मन से निकाल देना चाहिए, इसी में पाकिस्तान के आम नागरिकों की भी भलाई है। कुछ समाचारों के अनुसार, दिनांक 8 मई 2025 की रात्रि में पाकिस्तान ने लगभग 200 मिसाईल एवं ड्रोन भारत के विभिन्न शहरों पर दागे थे, परंतु इनमें से शायद एक भी ड्रोन पाकिस्तान द्वारा तय किए गए अपने ठिकाने पर नहीं पहुंच सका और भारतीय सेना ने इन मिसाइल एवं ड्रोन को हवा में ही मार गिराया। जबकि, भारत ने जितने भी मिसाईल एवं ड्रोन पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों के अड्डों पर दागे, इन लगभग सभी ने ही अपने निशाने पर सटीक रूप से पहुंच कर उन ठिकानों को तबाह किया है। अतः पाकिस्तान के नागरिकों को भी अब इस बात पर विचार करना चाहिए कि पड़ौसियों के साथ मित्रवत होकर रहने में ही दोनों देशों की भलाई है। पाकिस्तान यदि भारत से युद्ध करेगा तो उसे निश्चित ही मुंह की खानी पड़ेगी, जैसा कि अभी की परिस्थितियों की बीच होता हुआ दिखाई भी दे रहा है।

विभिन्न अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों ने पाकिस्तान को भारत के साथ युद्ध से बचने की सलाह दी है क्योंकि पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति पहिले से ही जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी है एवं पाकिस्तान पर आज कर्ज का भारी भरकम बोझ इतना अधिक है कि भारत के साथ युद्ध की स्थिति में पाकिस्तान एक हफ्ता भर भी भारत के सामने युद्ध में नहीं टिक पाएगा। वैश्विक आर्थिक आंकड़ों के अनुसार, दिसम्बर 2024 माह तक पाकिस्तान पर 13,100 करोड़ अमेरिकी डॉलर का बाहरी संस्थानों एवं अन्य देशों का ऋण है। इन विपरीत परिस्थितियों के बीच पाकिस्तान सरकार को अपने बजट में रक्षा खर्च को 18 प्रतिशत बढ़ाकर 2.5 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपए के स्तर पर लाना पड़ा है। यह निश्चित ही पाकिस्तानी नागरिकों के साथ अन्याय है क्योंकि अन्यथा यह भारी भरकम राशि उनके जीवन स्तर को सुधारने पर खर्च की जा सकती थी। हाल ही में पाकिस्तान द्वारा भारत के विरुद्ध छेड़े गए युद्ध के बाद भारत ने 23 अप्रैल 2025 को पाकिस्तान के खिलाफ कई निर्णय लिए हैं, जिनमें सिंधु जल संधि को निलम्बित करना, अटारी बॉर्डर को बंद करना, राजनयिक संबंधों को कम करना, पाकिस्तानी विमानों को भारतीय सीमा के ऊपर उड़ने की अनुमति रद्द करना एवं तीसरे देशों के माध्यम से होने वाले व्यापार समेत पाकिस्तान के साथ सभी प्रकार का व्यापार निलंबित करना आदि कदम शामिल है। इन सभी निर्णयों का प्रभाव निश्चित ही पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को और अधिक विपरीत रूप से प्रभावित करेगा एवं पाकिस्तान के नागरिकों के लिए और अधिक समस्याएं खड़ी करेगा।

भारत में उत्पन्न विभिन्न धर्मों के अनुयाई नागरिक सामान्यतः अत्यधिक शांतिपूर्ण तरीके से रहते आए हैं। भारत के अति प्राचीन काल के इतिहास से लेकर आज तक इस तरह की घटनाओं का वर्णन बिलकुल नहीं मिलता है कि भारत ने कभी भी विस्तरवादी नीति के तहत किसी अन्य राष्ट्र पर आक्रमण किया हो। इसके ठीक विपरीत पाकिस्तान ने अपने जन्म से ही आक्रामक नीति अपनाते हुए भारत विरोध को अपनी राष्ट्रीय नीति के रूप में चुना इससे पाकिस्तान के राजनैतिक दलों एवं नेताओं ने पाकिस्तान के आम नागरिकों के हितों को ध्यान में रखकर कार्य करने के बजाय भारत को परेशान करने के उद्देश्य से अधिक से अधिक आतंकवादी पैदा करने की नीति का अनुसरण किया। परंतु, आज समय आ गया है कि पाकिस्तानी नागरिकों को जागरूक होकर वहां के राजनैतिक दलों एवं नेताओं पर दबाव बनाना चाहिए ताकि वे उनके हितों को ध्यान में रखते हुए देश की आर्थिक प्रगति की ओर विशेष ध्यान दें। जिससे, पाकिस्तान के आम नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार कर उसे ऊपर लाया जा सके।

# नास्तिकता का प्रतीक है आतंकवाद

भारत ने ऑपरेशन सिन्दूर के तहत आतंक के गढ़ में आतंक को मार गिराया है। ऑपरेशन सिंदूर से कई आतकवादियों का सफाया हुआ है। पाक ने हिन्दुस्तानियों का सुहाग बिगाड़ा तो भारत ने आतंक का संसार ही उखाड़ दिया है। पाकिस्तान, हिन्दुस्तानियों से भविष्य में भय खाएगा और कोई भी घटना को अंजाम देने से पहले अपनी मौत को दावत देगा। पकिस्तान आतंकिस्तान है। पकिस्तान की सेना और आतंकवादी दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। ये दोनों इस युद्ध में बराबर की सहभागिता निभा रहे हैं। पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी वहां की सेना का ही एक हिस्सा है जिसे आई एस आई आदि संगठन के नाम से जाना जाता है। पाकिस्तान का नाम आतंकिस्तान होना चाहिए। अब समय आ गया है की पूरे पकिस्तान को ध्वस्त कर विश्व में अमन और चैन स्थापित किया जाए। ऑपरेशन सिंदूर में कई आतंकवादी संगठन जैसे जैश, लश्कर, के आतंकवादियों को मार गिराया गया है। इन सभी मारे गए आतंकवादियों को पकिस्तान की सेना ने गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया। इससे विश्व में सन्देश जाता है कि पाकिस्तान की पूरी सेना ही आतंकवादी की भूमिका में है। विश्व में स्थायी भविष्य की शान्ति के लिए पाकिस्तान को नेस्तानाबूत ही करना पड़ेगा। ऑपरेशन सिन्दूर कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 22 अप्रैल 2025 को मारे गए 26 भारतीयों का बदला है । हिन्दुस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर से विश्व को आतंक के खिलाफ चेतावनी दे दी है। ऑपरेशन सिंदूर के द्वारा पाकिस्तान की लगभग सभी एयरबेस ध्वस्त हो चुकी हैं। हिन्दुस्तान आतंक की कमर तोड़ रहा है न की नागरिकों की । भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिन्दूर ने पाकिस्तान के होश उड़ा दिए हैं। अब कंगाली की दहलीज पर पंहुच चुके पाकिस्तान को अपने रक्षा बजट को 18 फीसदी तक बढ़ाना पड़ा है। पहले से महंगाई की मार झेल रहे पाकिस्तान को भविष्य में बर्बादी का मंजर देखना पड़ेगा। विशेषज्ञों के मुताबिक कोई बड़ी बात नहीं कि हम जल्द ही पाकिस्तान को टूटते हुए भी देखें। आतंक के आकाओं को समझ लेना चाहिए की अब उनका स्थान पृथ्वी पर न होकर जह्ननुम है जहां उनको उनके अनुसार हूर की परियां मिलेंगी। हिन्दुस्तान की सशक्त महिलाएं विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कर्नल सोफिया कुरैशी ने ऑपरेशन सिंदूर को सफल बनाकर नारीशक्ति की मिसाल को कायम किया है। इनके जज्बे को मेरा सलाम है। आज कुंठित देश आतंकवाद का सहारा लेता है या गलत नीतियों और सिद्धातों का सहारा लेता है। इसलिए जो देश कभी एक हुआ करते थे वो आज एक दूसरे के दुश्मन बने हुए हैं। आतंकवाद एक विशेष धर्म में ही क्यों पनपा? ये बड़ा प्रश्न है। लोग कहते हैं कि आतंकवाद का कोई धर्म



नहीं होता, पर मेरा मानना है की आतंकवाद है और आतंक के आकाओं का धर्म मुस्लिम है। इन्हे मुस्लिम आतंकी कहने में कोई हर्ज़ नहीं है। ये सारेआतंकी पाकिस्तान जैसे मुस्लिम देश में ही क्यों पल रहे हैं? ये आतंकी नमाज भी पढ़ते हैं, मस्जिद भी जाते हैं और मुस्लिम देश में शरण भी लेते हैं तो ये मुस्लिम ही तो हुए। इन आतंक के आकाओं की कमर तोड़ दी जाएगी और भविष्य में ये अपनी जड़ को कमजोर होते देखेंगे। विश्व के सभी मुस्लिम समुदाय के लोगों को आतंकियों को सबक सिखाना पड़ेगा वरना ये आतंकी मुस्लिम, पूरे मुस्लिम समुदाय को बर्बाद कर देंगे। ये आतंकी, मुस्लिम समुदाय के लिए दीमक का काम कर रहे हैं। यह कहने में अतिश्योक्ति नहीं होगी कि आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला मुस्लिम देश पाकिस्तान खुद एक दिन अपनी बर्बादी की कहानी लिखेगा।

वहीँ दूसरी तरफ देखा जाए तो एक अपना हिन्दुस्तान का मुसलमान है जो राष्ट्र प्रथम और राष्ट्र सर्वोपरि की अभिधारणा पर चलता है। ये भारत के मुस्लिम क्या मुस्लिम नहीं हैं जिनमे प्रेम और सद्भाव कूट कूट के भरा है। कहने का तात्पर्य यह है की कोई देश चाहे तो वो अपने नागरिको को आतंकवादी बना दे या अपने नागरिकों को देवतुल्य बना दे। सारा खेल नागरिकता और वहां की संस्कृति का है। जिस देश की संस्कृति और सभ्यता जैसी होती है वैसे ही वहां का नागरिक भी बन जाता है। कहने का तात्पर्य धर्म से बढ़कर पहले राष्ट्र है। स्वतः के साथ प्रतिस्पर्धा स्व को निर्मित करती है, साथ ही साथ समाज और राष्ट्र को मजबूत करती है। व्यक्ति,समाज और राष्ट्र सभी की प्रतिस्पर्धा स्वयं से होनी चाहिए। प्रकृति, दूसरों से प्रतिस्पर्धा की अनुमति नहीं देती है। प्रकृति हमेशा स्व से जुड़ने की ओर प्रेरित करती है। स्व से जुड़ना ही असली प्रतिस्पर्धा है। एक सफल राष्ट्र की प्रतिस्पर्धा स्वतः से होती है। जैसे बेरोजगारी, महंगाई, खाद्यान, मेडिकल, शिक्षा आदि को लेकर प्रतिस्पर्धा। कहने का तात्पर्य एक सफल राष्ट्र की प्रतिस्पर्धा स्वयं के दृष्टिकोण से होती है जो भारत में है। युद्ध आतंक के सफाए के लिए जरुरी है। आतंक का सफाया विश्व में शांति ले कर आएगा। शांति, विकास का कारण बनती है। आतंक के खिलाफ युद्ध वैश्विक शांति का कारक है। कहने का तात्पर्य यह है कि पड़ोसी देश पाकिस्तान से जब आतंक का सफया होगा तभी शांति कायम होगी। और वही शांति पड़ोसी मुल्क से मित्रता का कारण बनेगी। आतंक के खिलाफ युद्ध आस्तिकता को प्रकट करती है। आतंकवाद नास्तिकता को प्रकट करती है। आस्तिकता स्वर्ग को प्रकट करती है। नास्तिकता नरक को प्रकट करती है। आस्तिकता स्वर्ग के द्वार को खोलती है। नास्तिकता नरक के द्वार को खोलता है। अतएव आतंकवाद किसी नरक से कम नहीं है। अतएव हम कह सकते हैं कि आतंकवाद, नास्तिकता का प्रतीक है। पाकिस्तान आतंकवाद की आड़ में अपनी विजय पताका लहराना चाहता है। जिस किसी देश ने आतंकवाद को अपने देश में दखलंदाजी करने की सह दी वह देश बर्बाद हो गया। भारत जैसा देश जो आतंकवाद के खिलाफ है वो महान है। आतंकवाद विश्व के भविष्य के लिए चेतावनी है। विश्व के सभी देशों को आतंकवाद के खिलाफ एक होकर लड़ने की जरुरत है।

# समझौते के लिए पहुंचा इंजीनियर पति, पत्नी ने कहा- पहले ईसाई धर्म अपनाओ

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** चकरभाठा क्षेत्र के बोदरी में रहने वाले इंजीनियर का पत्नी से मतभेद चल रहा है। पत्नी की शिकायत पर मध्यप्रदेश पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामले मुकदमे से बचने पति अपनी पत्नी से समझौता करने पहुंचा।




पत्नी ने पहले ईसाई धर्म अपनाने की शर्त रख दी। इससे परेशान पति ने पूरे मामले की शिकायत चकरभाठा थाने में की है। इस पर पुलिस ने शून्य में मामला दर्ज किया है। इसे जांच के लिए मध्यप्रदेश भेजा जाएगा। चकरभाठा क्षेत्र के बोदरी स्थित गोल्डन पार्क कॉलोनी में रहने वाले इंजीनियर मयंक पांडेय (36) की शादी मध्यप्रदेश के अनुपपुर जिला अंतर्गत आमाडांड निवासी रंजना पांडेय से 2019 में हुई।

पारिवारिक विवाद के चलते उनकी पत्नी मायके चली गई। उसने अनुपपुर के महिला थाने में दहेज प्रताड़ना की शिकायत की। इस पर पुलिस ने मयंक और उसके परिवार के लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर मामले को न्यायालय में पेश किया।

धर्म परिवर्तन का बनाया दबाव

मयंक ने बताया कि 10 मार्च को न्यायालय में उसकी पेशी थी। पेशी के दौरान उसने पत्नी को आपसी समझौता कर नए सिरे से परिवार बसाने की बात कही। पत्नी ने उसे बताया कि गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के कुम्हारी स्थित मुख्यमंत्री डीएव्ही स्कूल की प्रिंसपल ने उसका धर्म परिवर्तन करा दिया है।

उसने पति को ईसाई धर्म परिवर्तन करने पर समझौता करने की बात कही। उसकी शर्तों को सुनकर वह सदमे में आ गया। घर आकर इंजीनियर ने परिजन से इस संबंध में चर्चा की। उसकी शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। घटना मध्यप्रदेश का होने के कारण शून्य में मामला दर्ज किया है। इसे जांच में लिए मध्यप्रदेश के अनुपपुर जिला भेजा जाएगा।

पीड़ित इंजीनियर ने बताया कि उसकी पत्नी ने धर्म परिवर्तन करने पर 50 हजार रुपये और अच्छी जगह पर नौकरी दिलाने का प्रलोभन दिया था। दूसरों का धर्म परिवर्तन कराने पर उसे हर व्यक्ति के पीछे 20 हजार रुपये दिलाने की बात कही थी। उसने धर्म परिवर्तन के लिए कुम्हारी में पदस्थ प्रिंसपल से मिलने के लिए कहा था। अब पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

# माओवादियों ने की पाकिस्तान जैसी करतूत...पहले युद्ध रोकने की बात, फिर जवानों पर किया हमला



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** तेलंगाना सीमा पर बीजापुर जिले की कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर 19 दिन से माओवादियों के विरुद्ध निर्णायक अभियान जारी है। इस बीच सात मई को एक बार फिर माओवादियों की ओर से शांति वार्ता के लिए पत्र जारी किया गया।

इसमें छह माह के लिए शांति की घोषणा की गई, पर अगले ही दिन माओवादी अपनी ही बात से मुकर गए। आठ मई को सुरक्षा बलों पर हमला कर दिया। माओवादी की तेलंगाना राज्य जोनल कमेटी के प्रवक्ता जगन ने पत्र में कहा है कि संगठन छह माह के लिए युद्धविराम की घोषणा कर रहा है।

इधर आठ मई की सुबह कर्रेगुट्टा पहाड़ी के उत्तरी भाग में इलमिड़ी के पास तेलंगाना ग्रेहाउंडस बल पर इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट कर हमला कर दिया। इसमें तेलंगाना के तीन जवान एन.पवन कल्याण, वडला श्रीधर व संदीप बलिदान हो गए।

ग्रेहाउंडस ने भी जवाबी कार्रवाई में शीर्ष माओवादी नेता एक करोड़ के इनामी सेंट्रल कमेटी के सदस्य चंद्रन्ना और 25 लाख के बंडी प्रकाश समेत कुल 10 माओवादियों को मार गिराया है।

चौतरफा अभियान से घिरते जा रहे माओवादियों ने शुक्रवार को बड़ी संख्या में तेलंगाना और छत्तीसगढ़ में आत्मसमर्पण किया है। 38 माओवादियों ने तेलंगाना के भद्रादी-कोठागुड़ेम जिले में समर्पण किया। सभी छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के जिड़पल्ली, पामेड़ क्षेत्र के हैं।

वहीं छत्तीसगढ़ के कोंडागांव एसपी के समक्ष शुक्रवार को ही 16 लाख के इनामी माओवादी दंपती ने आत्मसमर्पण कर दिया। वे कोंडागांव, कांकेर व नारायणपुर के सीमावर्ती इलाके में सक्रिय थे। दोनों पर आठ-आठ लाख रुपये का इनाम घोषित था। माओवाद दंपती को पुलिस अधीक्षक ने प्रोत्साहन राशि के रूप में 50-50 हजार रुपये का चेक प्रदान किया।

# नवा रायपुर में खंभे से टकराने के बाद कार में लगी आग, एक युवक की मौत, दो घायल



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी के नवा रायपुर क्षेत्र में देर रात भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा नवा रायपुर के सेक्टर-17 में रात करीब दो बजे हुआ, जहां एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से जा टकराई।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार में आग लग गई और देखते ही देखते वह पूरी जल गई। हादसे में कार चला रहे गौतम सतवानी की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं उसके दो साथी प्रियांशु सचदेव और अविराज गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर के बाद कार के इंजन और अन्य पुर्जे तकरीबन 30 फीट दूर जा गिरे। हादसे की सूचना मिलते ही मंदिर हसौद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि हादसे का कारण ओवरस्पीड था या कोई तकनीकी गड़बड़ी।

**इधर...एमजी रोड पर बिजली के खंभे में लगी आग:** शनिवार को शहर के व्यस्ततम इलाकों में से एक एमजी रोड पर बड़ा हादसा टल गया। यहां मंजू ममता होटल के पास लगे बिजली के खंभे में अचानक आग लग गई। शार्ट सर्किट के कारण खंभे में लगातार तेज स्पार्किंग होती रही, जिससे पटाखों जैसी आवाजें और चिंगारी उठने लगीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग खंभे में उलझे हुए बिजली के तारों में शार्ट सर्किट के कारण लगी थी।

आग की लपटें और चिंगारी काफी देर तक उठती रही, जिससे आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को फोन कर जानकारी दी। दमकल कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। समय रहते फायर ब्रिगेड के पहुंचने से बड़ा नुकसान टल गया, अन्यथा आसपास स्थित दुकानों और होटल तक भी आग फैल सकती थी। हालांकि, इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

# कोंडागांव में ट्रक ने बाइक सवार 3 लोगों को कुचला



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** कोंडागांव जिले में रविवार शाम 4 बजे सड़क हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई। राष्ट्रीय राजमार्ग पर दहिकोंगा के पास यह हादसा हुआ। रायपुर से जगदलपुर जा रहे एक ट्रक ने भानपुरी से कोंडागांव की ओर आ रही बाइक को टक्कर मार दी।

ट्रक बाइक सवार एक पुरुष और दो महिलाओं को रौंदते हुए निकला। हादसा इतना भयानक था कि तीनों के शरीर के अंग सड़क पर बिखर गए। बाइक चक्के के नीचे फंस गई। अभी तक मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है।हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार कोंडागांव की ओर से जगदलपुर की ओर जा रही ट्रक क्रमांक सीजी 08 एएक्स 16411 ने बाइक क्रमांक सीजी 19 बीपी 5640 को अपनी चपेट में लिया है। कोंडागांव सिटी कोतवाली के थाना प्रभारी सौरभ उपाध्याय ने बताया कि पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है और फरार चालक की तलाश की जा रही है। स्थानीय लोगों ने तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण की मांग की है।

# आधी रात को विधवा महिला के घर घुसा नशेड़ी युवक

### बालोद में महिला ने मोहल्ले वालों को जगाया, तो भूसा में छुपा, फिर बेहोश हो गया



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में एक युवक नशे की हालत में विधवा महिला के घर में घुस गया। महिला ने आहट सुनकर जब मोहल्ले वालों को जगाया, तो युवक घर के पीछे रखे भूसा के ढेर में जाकर छुप गया। गर्मी की वजह से वो अंदर बेहोश हो गया।

ग्रामीणों ने भूसे के ढेर से शनिवार देर रात उसे बाहर निकाला। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। यह स्पष्ट हो पाएगा कि वह चोरी की नीयत से घर में घुसा था या उसकी मंशा कुछ और थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना बालोद थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर गांव की है।

घटना के बाद महिला ग्रामीणों के साथ बालोद थाने पहुंची और युवक के खिलाफ शिकायत की। महिला ने बताया कि, युवक तामेश्वर ठाकुर आपराधिक प्रवृत्ति का है। मोहल्ले के लोग उसकी हरकतों से पहले से ही परेशान हैं। रात करीब 2 बजे वह कोठार का दरवाजा खोलकर पटाव के रास्ते बेडरूम में घुसने की कोशिश कर रहा था।

महिला की नींद आहट से खुल गई। उसने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत दरवाजा बाहर से बंद कर दिया और पड़ोसियों को बुला लिया। ग्रामीणों ने घर को चारों ओर से घेर लिया और पुलिस कंट्रोल रूम को इसकी सूचना दी।

बाहर शोर-शराबा बढ़ते देख युवक डर की वजह से घर के पटाव में रखे भूसा कुट्टी के ढेर में जाकर छुप गया और बेहोश हो गया। ग्रामीणों ने बड़ी मुश्किल से युवक को खींच कर भूसा के ढेर से बाहर निकाला। इसके बाद एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा।

इस घटना के बाद महिला और उनके परिवार के लोग डरे हुए हैं। महिला ने मौके पर पहुंचे पुलिस को बताया कि उसे अपनी जान और इज्जत का खतरा था। ग्रामीणों का कहना है कि युवक बदमाश प्रवृत्ति का है और इससे पहले भी मोहल्ले में परेशानियां खड़ी कर चुका है।

बालोद थाने की सब-इंस्पेक्टर कमला यादव ने बताया कि, युवक का इलाज चल रहा है। उसके बयान के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि वह चोरी की नीयत से घर में घुसा था या उसकी मंशा कुछ और थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सुरक्षा गार्ड की आंखों में मिर्ची पाउडर फेंककर संप्रेक्षण गृह से छह अपचारी बालक फरार



**अंबिकापुर।** अंबिकापुर के गंगापुर में स्थित बाल संप्रेक्षण गृह से शनिवार को छह अपचारी बालक फरार हो गए। अपचारी बालकों ने सुरक्षा गार्ड की आंखों में मिर्ची पाउडर फेंका और भाग निकले। जानकारी मिलते ही अधीक्षक एवं अन्य कर्मचारियों ने आसपास बालकों की तलाश की, लेकिन उनका पता नहीं चला। देर शाम घटना की जानकारी गांधीनगर थाने को दी गई। पुलिस द्वारा फरार अपचारी बालकों की तलाश की जा रही है।फरार अपचारी बालकों में चार सूरजपुर जिले के हैं। एक-एक अपचारी बालक सरगुजा व जांजगीर - चांपा जिले के रहने वाले हैं।बाल संप्रेक्षण गृह से बच्चों के फरार होने की यह तीन माह में दूसरी घटना है। इसके पहले तीन अपचारी बालक यहां से भाग निकले थे। बाद में एक को स्वजन ने पहुंचा दिया था तथा दो अपचारी बालकों को पुलिस ने पकड़ा था।सरगुजा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लों ने बताया कि अपचारी बालकों की तलाश में पुलिस जुटी है। अभी तक फरार अपचारी बालकों का पता नहीं चल सका है।

# छत्तीसगढ़ में मानसून का टूट सकता है 16 साल का रिकॉर्ड

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** इस वर्ष दक्षिण-पश्चिम मानसून सामान्य तिथि से चार दिन पहले ही 27 मई को केरल तट पर दस्तक दे सकता है। यदि ऐसा होता है, तो यह पिछले 16 वर्षों में सबसे जल्दी आगमन होगा। इससे पहले, 2009 में 23 मई और 2024 में 30 मई को मानसून ने केरल में प्रवेश किया था।

सामान्यतः मानसून एक जून को केरल पहुंचता है और 13 जून को जगदलपुर और 16 जून को रायपुर और 21 जून को अंबिकापुर पहुंचता है। मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में पूर्वी उत्तर प्रदेश से पूर्वी मध्य प्रदेश, विदर्भ और दक्षिण-पूर्व तेलंगाना तक पश्चिमी हवाओं में द्रोणिका बनी हुई है। दक्षिण-पश्चिम मानसून के अगले कुछ दिनों में अंडमान सागर, बंगाल की खाड़ी और निकोबार द्वीप समूह की ओर बढ़ने की संभावना है।





छत्तीसगढ़ में अगले दो दिनों तक गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। प्रदेश में अधिकतम तापमान बिलासपुर में 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान पेंड्रारोड में 21.4 डिग्री सेल्सियस रहा।

मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में तापमान में वृद्धि की संभावना जताई है। रायपुर में रविवार को हल्के बादल छाए रहने और गरज के साथ हल्की बारिश की संभावना है।

# सुशासन तिहार के तहत 12 मई को पाराडोल में होगा समाधान शिविर

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** जिले में सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत नागरिकों से प्राप्त शिकायतों एवं मांगों के संबंध में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए प्रशासनिक अमला पूरी तन्मयता से कार्य कर रहा है। सुशासन तिहार अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में समाधान शिविरों का आयोजन कर प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में 12 मई 2025 को चैनपुर, बौरीडांड, चौघड़ा, चनवारीडांड, तेन्दुडांड, नारायणपुर, छिपछिपी, भौता, बंजी तथा बुंदेली, पाराडोल सेक्टर में जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया जाना है, जिसमें 11 ग्राम पंचायतों के लोगों के आवेदन का समाधान किया जायेगा। जिसमें जिला के समस्त विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

# कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के महासचिव के नेतृत्व में की मुलाकात



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार तथा निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू एवं डॉ. विवेक जोशी ने आज निर्वाचन सदन में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) के महासचिव श्री एम. ए. बेबी के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। यह बैठक विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के अध्यक्षों से हो रही चर्चाओं की श्रृंखला का हिस्सा है। इन संवादों का उद्देश्य लंबे समय से महसूस की जा रही रचनात्मक चर्चाओं की आवश्यकता को पूरा करना है, जिससे राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय पार्टी अध्यक्ष आयोग के साथ सीधे अपने सुझावों और चिंताओं को साझा कर सकें। यह पहल आयोग के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य सभी हितधारकों के साथ मिलकर वर्तमान कानूनी ढांचे के अंतर्गत चुनावी प्रक्रिया को और अधिक मजबूत बनाना है। इससे पहले, आयोग ने बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) के अध्यक्ष कुमारी मायावती के नेतृत्व में 06 मई 2025 को तथा भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में 08 मई 2025 को मुलाकात की थी। अब तक कुल 4,719 सर्वदलीय बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं, जिनमें 40 बैठकें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों (सीईओ) द्वारा, 800 जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) द्वारा और 3,879 बैठकें निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) द्वारा आयोजित की गईं, जिनमें 28,000 से अधिक विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# सिविल डिफेंस प्लान एवं शासन से जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करायें

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** देश की वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखकर मुख्य सचिव अनुराग जैन ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी जिलों में सिविल डिफेंस प्लान एवं शासन के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें। सिविल डिफेंस कार्यक्रम व्यवस्थित करें तथा सजगता और सतर्कता बरतें। मुख्य सचिव ने आपदा प्रबंधन की सभी तैयारियाँ दुरूस्त रखते हुए वर्नलेवल क्षेत्रों का चिन्हांकन कर कार्ययोजनानुसार व्यवस्थायें करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में सायरन की व्यवस्था हो ताकि आपात स्थिति में सायरन सभी को सुनाई दे। आपदा प्रबंधन की तैयारियों की संभागीय समीक्षा प्रतिदिवस की जायेगी। मुख्य सचिव ने सिविल डिफेंस अधिनियम के तहत नागरिक सुरक्षा हेतु स्वयंसेवकों के नामांकन भर्ती के निर्देश देते हुए कहा कि उनका प्रारंभिक प्रशिक्षण करायें ताकि आपदा प्रबंधन के समय इनकी उपयोगिता व भागीदारी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत से 2 स्वयंसेवकों व प्रत्येक नगरीय निकाय वार्डो से 2 से 5 सिविल डिफेंस वालेंटियर्स बनाये जांय। इनमें भूतपूर्व सैनिकों, सीनियर एनसीसी के सदस्य, एनएसएस के सदस्य व निजी सुरक्षा एजेंसियों के लोगों को प्राथमिकता दी जाय। वीडियो कान्फ्रेंसिं में कमिश्नर कार्यालय के एनआईसी केन्द्र से कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, संभागीय सेनानी होमगार्डस जेएस पर्न्दे तथा कलेक्ट्रेट के एन.आई.सी. से कलेक्टर प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेकलाल, संयुक्त कलेक्टर पी.के. पाण्डेय, जिला होमगार्ड कमांडेंट सहित पुलिस के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने 5 सचिवों को किया निलंबित

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने हनुमना जनपद पंचायत के पांच लापरवाह ग्राम पंचायत सचिवों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिए हैं। निलंबन अवधि में इन सभी का मुख्यालय जनपद पंचायत कार्यालय हनुमना रहेगा। इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत खेत तालाब निर्माण, हैण्डपंप तथा कुंओं में रिचार्ज पिट बनाने, मनरेगा में मजदूरों को रोजगार का अवसर देने एवं ई केवाईसी में लापरवाही बरतने एवं 10 मई को हनुमना में आयोजित बैठक में अनुपस्थित रहने पर निलंबन की कार्यवाही की गई है। जारी अलग-अलग आदेशों के अनुसार ग्राम पंचायत सचिव धर्मपुरा निर्मल रावत, ग्राम पंचायत सचिव कौवाढ़ान कुर्मियान वरूणा प्रसाद तिवारी, ग्राम पंचायत सचिव मजिन मानिकराम नारायण प्रसाद मिश्रा, ग्राम पंचायत सचिव पहाड़ी जयप्रकाश तिवारी तथा ग्राम पंचायत सचिव धौसड़ रामदरस द्विवेदी के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही की गई है। यह कार्यवाही मध्यप्रदेश पंचायत लोक सेवा अनुशासन तथा अपील नियम 1999 के प्रावधानों के तहत की गयी है।

# भ्रामक सूचनाएं देने वालों पर होगी दण्डात्मक कार्यवाही

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** भारतीय सेना द्वारा आपरेशन सिंदूर के तहत लगातार कार्यवाही की जा रही है। ऐसी परिस्थिति में विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भ्रामक अपुष्ट सूचनाओं के साथ वीडियो, रील अपलोड और फारवर्ड की जा सकती है। इस आमजनता में आक्रोश तथा कानून और व्यवस्था की स्थिति को खतरा हो सकता है। इसे ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मऊगंज संजय कुमार जैन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंध के आदेश जारी किये हैं। जारी आदेश का उल्लंघन करके यदि कोई व्यक्ति आवंछित सूचनाएं, भ्रामक समाचार अथवा अफवाहें, सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों में पोस्ट अपलोड अथवा फारवर्ड करता है तो उसके विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं अन्य अधिनियमों के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। जारी आदेश के अनुसार कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था सोशल मीडिया अथवा अन्य संचार माध्यमों में कोई भी भ्रामक व अपुष्ट सूचना पोस्ट नहीं करेंगे। भ्रामक समाचारों के वीडियो और रील्स को अपलोड और फारवर्ड नहीं करेगा। आमजनता किसी अनजान लिंक और अनजान ऐप को डाउनलोड न करें। सोशल मीडिया में व्हाट्सएप के एडमिन अपने ग्रुपों में केवल प्रमाणित जानकारी ही दर्ज करें। कोई भी तत्थहीन भ्रामक और अफवाह फैलाने वाली सूचना पोस्ट न करें। सभी होटल और लॉज संचालक प्रतिदिन उनके यहां ठहरने वाले व्यक्तियों की जानकारी वैध दस्तावेज के साथ निकटतम थाने में उपलब्ध करायें। मोबाइल सिम विक्रेता केवल वैध दस्तावेज के आधार पर ही सिम का विपणन करें। सभी कियोस्क संचालक ऑनलाइन भुगतान लेने वाले व्यक्तियों की जानकारी रजिस्टर में अनिवार्य रूप से दर्ज करें।

## राजस्थान-पंजाब, जम्मू-कश्मीर में हालात सामान्य

**श्रीनगर ( एजेंसी )।** बॉर्डर से लगे राजस्थान, पंजाब, जम्मू-कश्मीर में रविवार सुबह हालात सामान्य दिखाई दिए। बाजार खुल रहे हैं, गतिविधियां सामान्य हो रही हैं। भारत ने कहा है कि अगले हफ्ते संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में टीम भेजी जाएगी। यह पाकिस्तान के आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले नए सबूत सौंपेगी। इस बीच, इंडियन एयरफोर्स ने कहा कि हमने ऑपरेशन सिंदूर के लक्ष्य हासिल कर लिए हैं। यह ऑपरेशन अभी जारी है। हम समय आने पर जानकारी देंगे। एयरफोर्स ने अफवाहों से बचने की अपील की है। पहलगाम हमले के दिन 22 अप्रैल से 10 मई तक पाकिस्तान की गोलीबारी में 6 जवान शहीद हो चुके हैं, जबकि 60 घायल हैं। इसके अलावा 25 लोगों की मौत हो चुकी है और 50 से ज्यादा घायल हैं।

## जम्मू-कश्मीर पुलिस बोली- घर जाने की जल्दबाजी न करें

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद रविवार को बॉर्डर से सटे राज्यों में हालात सामान्य हो रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में सुरक्षित जगहों पर शरण लिए लोग वापस गावों में अपने घर लौटने लगे हैं। हालांकि, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने लोगों से जल्दबाजी में घर वापस नहीं लौटने की अपील की है। पुलिस ने एडवाइजरी जारी कर कहा- सीमावर्ती गांवों में पाकिस्तानी हमले के बाद गोला-बारूद बिखरे हो सकते हैं। इससे लोगों को खतरा हो सकता है। बम निरोधक दस्तों को प्रभावित इलाकों को सैनिटाइज करने के लिए भेजा जाएगा, ताकि किसी तरह का नुकसान न हो। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम हमले में 26 लोगों की मौत का बदला लेने के लिए 7 अप्रैल को ऑपरेशन सिंदूर चलाया था। इसके तहत पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों पर हमला किया। पाकिस्तान ने भी जवाबी हमला किया, जिसमें 25 लोगों की मौत हुई है। एलओसी के करीब के गांवों से 1.25 लाख से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया।

## देश के 30 राज्यों में आंधी-बारिश और तूफान

नई दिल्ली/भुवनेश्वर (एजेंसी)। देश के 30 राज्यों में आज रविवार को आंधी-बारिश और तूफान की चेतावनी है। इस दौरान हवाएं 40 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती हैं। अगले 2 दिन में अधिकतर राज्यों का तापमान 2-4 डिग्री तक बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने शनिवार को बताया कि इस बार देश में मानसून तय समय से 4 दिन पहले पहुंच सकता है। दक्षिण-पश्चिम मानसून 27 मई को केरल तट से टकराएगा। आमतौर पर यह 1 जून को केरल पहुंचता है। राजस्थान के कोट, भरतपुर समेत कई जिलों में शनिवार को बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार, आज 30 जिलों में आंधी-बारिश की संभावना है। पूरे मध्य प्रदेश में आंधी, बारिश और गरज-चमक का अलर्ट जारी है। उत्तर प्रदेश के 20 जिलों में बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर में किया माँ अहिल्या बावड़ी के जीर्णोद्धार के बाद नये स्वरूप का लोकार्पण

भोपाल (एजेंसी)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवा इंदौर में कनाडिया में स्थित 200 वर्ष पुरानी माँ अहिल्या बावड़ी के जीर्णोद्धार के बाद नये स्वरूप का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस कार्य पर प्रसन्नता जतायी और कहा कि देवी अहिल्या के परोपकारी कार्य हमें आज भी प्रेरणा देते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यहाँ शिव मंदिर में पूजन किया और मां अहिल्या की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये।

जल गंगा संवर्द्धन अभियान के अंतर्गत इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा




लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से इसका जीर्णोद्धार कराया गया है। जल संसाधन मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक श्री तुलसीराम सिलावट ने बताया कि होलकर क़ालीन इस बावड़ी का निर्माण लगभग 200 साल पहले देवी अहिल्याबाई द्वारा कराया गया था। यह बावड़ी वर्तमान में अत्यंत जीर्णशीर्ण दशा में थी, जिसे जीर्णोद्धार उपरांत नया स्वरूप प्रदान किया गया है। नगरीय प्रशासन मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे। संभागायुक्त एवं इंदौर विकास प्राधिकरण के प्रशासक श्री दीपक सिंह ने बताया कि जल गंगा संवर्द्धन अभियान अंतर्गत 60 मीटर लम्बाई, 21 मीटर चौड़ाई एवं 15 मीटर गहराई लिए हुए माँ अहिल्या बावड़ी का जीर्णोद्धार किया गया।

## सेना ने कहा-पाकिस्तान ने सीजफायर तोड़ा तो तगड़ा जवाब देंगे

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर के 25 घंटे बाद रविवार को तीनों सेनाओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई, वाइस एडमिरल एएन प्रमोद और एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती ने ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी। लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा- आप सबको पता है कि पहलगाम अटैक में किस क्रूरता से 26 लोगों को मारा गया था। इसके बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पोक स्थित आतंकी ठिकानों को टारगेट किया। इसमें दुश्मनों को भारी नुकसान हुआ। घई ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत 7 मई को हुई कार्रवाई में सीमा पार 9 ठिकानों पर हमने 100




आतंकवादी मार गिराए। इसमें कंधार हाईजैक और पुलवामा अटैक में शामिल 3 बड़े आतंकी चेहरे भी शामिल थे। 7 मई को हुई कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइल्स से हमारे बॉर्डर स्टेट्स में स्थित सैन्य ठिकानों पर हमले की कोशिश की। हमनें उन्हें हवा में ही मार गिराया। एक भी टारगेट सक्सेस नहीं होने दिया। इसके बाद हमने पाकिस्तान को जवाब देते हुए सख्त कार्रवाई की, जिसमें पाकिस्तानी सेना के 35 से 40 सैनिक और अफसर मारे गए।

## राहुल बोले- सरकार संसद सत्र बुलाए, पायलट बोले- वॉशिंगटन से सीजफायर का ऐलान सवाल खड़े करता है

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच 10 मई को सीजफायर का ऐलान किया गया। एक दिन बाद कांग्रेस ने दिल्ली में हेडक्वॉर्टर के बाहर इंदिरा होना आसान नहीं वाला पोस्टर लगाया। इस पोस्टर के साथ ही 1971 के युद्ध में पाकिस्तान के सरेंडर वाली तस्वीरें भी लगाईं। पोस्टर में इंडिया मिस इंदिरा (भारत इंदिरा को याद कर रहा है) की बात भी लिखी गई। लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने



प्रधानमंत्री को लेटर लिखकर संसद का विशेष सत्र तुरंत बुलाने का अनुरोध किया है। कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने भारत-पाक के बीच अमेरिका की मध्यस्थता को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा- अमेरिका दो दिन पहले कहता है कि इस मसले से उसका कोई लेना देना नहीं है, फिर अचानक वॉशिंगटन से सीजफायर की घोषणा होती है, जो कई सवाल खड़े करती है।

पायलट बोले- सरकार बताए कि सीजफायर किन शर्तों पर हुआ है सचिन पायलट ने भी कहा- भारत सरकार को एक सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए और जो पिछली दो मीटिंग में नहीं हुआ।

उस पर बात करनी

## अमृतसर-पठानकोट, फिरोजपुर में स्कूल नहीं खुलेंगे

पंजाब (एजेंसी)। जालंधर में 4 संदिग्ध देखे जाने की सूचना पर जांच के लिए पहुंची पुलिस। वहीं, फिरोजपुर में शनिवार को पाकिस्तान की ओर से हुए ड्रोन हमले में घर में खड़ी कार क्षतिग्रस्त हो गई। इसकी तस्वीरें अब सामने आई हैं।

जबकि, मलेरकोटला में दो पाकिस्तानी जासूस गिरफ्तार किए गए। भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के ऐलान के बाद पंजाब से सटे पाकिस्तान बॉर्डर पर हालात सामान्य होने लगे हैं। शिक्षा मंत्री हरजोत बैंस ने कहा कि सभी बंद स्कूल और कॉलेज कल (12 मई) से खुल जाएंगे। हालांकि, पाकिस्तान बॉर्डर से सटे अमृतसर और फिरोजपुर के साथ पठानकोट के डीसी ने जिलों में सभी स्कूलों को बंद रखने के आदेश जारी किए हैं।

इसी के साथ गुरदासपुर के बटाला, फिरोजपुर और पठानकोट प्रशासन ने लोगों से आज रात भी ब्लैकआउट करने की अपील की है। अमृतसर, फिरोजपुर, फाजिल्का, तरनतारन, पठानकोट और गुरदासपुर में लोगों ने बॉर्डर से सटे गांव खाली कर दिए थे। अब वे घर लौटने लगे हैं। पठानकोट और जम्मू बॉर्डर पर भी बाजार खुल गए हैं।

फिरोजपुर में 8 ट्रेनों को सामान्य रूप से चलाने के आदेश जारी किए गए हैं। इनमें कुछ ट्रेनों का समय बदला गया था और कुछ ट्रेनें बंद की गई थीं।

इसके अलावा, रविवार को मालेरकोटला में 2 पाकिस्तानी जासूसों को गिरफ्तार किया गया है। ये भारतीय सेना की मूवमेंट की जानकारी पाकिस्तान के हाई कमीशन को भेज रहे थे।वहीं, जालंधर में सेना की वर्दी में 4 संदिग्ध देखे गए हैं। इन्होंने मंदिर में पहुंचकर पुजारी से खाना-पानी मांगा था। इसके बाद इसे पुलिस इनकी तलाश में जुटी हुई है।

## ऑपरेशन सिंदूर खत्म नहीं हुआ, पीएम मोदी ने कहा था- वहां से गोली चलेगी, यहां से गोला चलेगा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पाकिस्तान के साथ सीजफायर के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने आवास पर हाईलेवल मीटिंग ली। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, ष्टष्ठस्र और तीनों सेनाओं के प्रमुख मौजूद रहे। सूत्रों के हवाले से बताया कि सीजफायर के पहले भारत और पाकिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों और विदेश मंत्रियों के बीच कोई बातचीत नहीं हुई। दोनों देशों के आर्मी ऑपरेशन महानिदेशकों के बीच ही बातचीत हुई थी।

पाकिस्तान से जंग के हालात के बीच पीएम मोदी ने कहा था, वहां से अगर गोली चली तो हम यहां से गोला चलाएंगे। कश्मीर पर हमारी स्थिति बहुत स्पष्ट है, अब केवल एक ही मामला बचा है। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) की वापसी। बात करने के लिए और कुछ नहीं है। अगर वे आतंकवादियों को सौंपने की बात करते हैं, तो बात कर सकते हैं। उन्होंने कहा, मेरा किसी और विषय पर कोई इरादा नहीं है। हम नहीं चाहते कि कोई मध्यस्थता करे।

हमें किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं है। एएनआई ने सोर्स के हवाले से बताया कि ऑपरेशन सिंदूर खत्म नहीं हुआ है, हम नए सामान्य दौर में हैं। दुनिया को इसे स्वीकार करना होगा। पाकिस्तान को इसे स्वीकार करना होगा, यह हमेशा की तरह नहीं चल सकता।

## सीजफायर पर विदेश सचिव की ट्रोलिंग, सोशल मीडिया लॉक किया

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान के बीच 10 मई को हुए संघर्ष विराम के बाद विदेश सचिव विक्रम मिसरी को लगातार सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जा रहा है। इस ट्रोलिंग को देखते हुए उन्होंने अपना एक्स अकाउंट प्राइवेट कर दिया है। विक्रम मिसरी को लेकर हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा है कि विक्रम मिसरी हमारे देश के लिए बिना रुके-थके काम करने वाले ईमानदार



डिप्लोमैट हैं। ओवैसी ने यह भी कहा कि हमें यह याद रखना चाहिए कि हमारे सिविल सर्वेंट सरकार के अधीन काम करते हैं। शासन और राजनीतिक लीडरशिप की ओर से लिए गए फैसले के लिए मिसरी को दोषी नहीं ठहराना चाहिए।

एक दिन पहले ओवैसी ने कहा था कि युद्ध विराम हो या न हो, भारत को पहलगाम आतंकी हमले के लिए जिम्मेदारों का पीछा करना जारी रखना चाहिए। जब तक पाकिस्तान अपनी जमीन का इस्तेमाल भारत के खिलाफ करता रहेगा, तब तक शांति नहीं हो सकती।

## ऑपरेशन सिंदूर, आतंकी ठिकाने तबाह, सीजफायर उल्लंघन

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों ने धर्म पूछकर 26 टूरिस्ट की हत्या कर दी थी। महिलाओं और बच्चों के सामने पुरुषों को सिर और सीने में गोली मारी थी। महिलाओं से कहा था- तुम्हें इसलिए छोड़ रहे हैं कि जाकर मोदी को बता देना।

घटना के दौरान प्रधानमंत्री मोदी सऊदी अरब में थे। वे दौरा बीच में ही छोड़कर देश लौटे और कैबिनेट की मीटिंग बुलाई। 24 अप्रैल को उन्होंने कहा- आतंकियों को कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। इसके बाद सेना के अफसरों से मिले और कहा- सेना कार्रवाई के लिए जगह और समय तय करे। पहलगाम घटना के 15 दिन बाद सेना ने पाकिस्तान और [illegible] में एयर स्ट्राइक की। 25 मिनट में 9 आतंकी ठिकाने तबाह कर दिए थे। 100 से ज्यादा आतंकियों को ढेर कर दिया। यहीं आतंकियों को ट्रेनिंग दी जाती थी। भारत ने इसे 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम दिया, क्योंकि आतंकियों ने देश की बहन-बेटियों का सुहाग उजाड़ा था।


## विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने एक्स अकाउंट प्राइवेट किया



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच भारत का पक्ष दुनिया के सामने रखने वाले विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने अपना एक्स अकाउंट प्राइवेट कर लिया है। इसका मतलब है कि केवल वेरिफाइड यूजर्स ही उनका अकाउंट देख सकते हैं, या उनके पोस्ट्स पर कोई कमेंट कर सकते हैं। दरअसल, 10 मई को भारत पाकिस्तान के बीच सीजफायर के ऐलान के बाद कई यूजर्स उनके पोस्ट्स पर ऑनलाइन एब्यूज कर रहे थे। यहां तक कि उनके परिवार के साथ उनकी पुरानी तस्वीरें शेयर हो रही थीं जिसके साथ उनकी बेटी का मोबाइल नंबर और कई तरह के कमेंट्स किए जा रहे थे।

## राजनाथ बोले- ऑपरेशन सिंदूर ने आतंक पीड़ितों को इंसाफ दिलाया

**लखनऊ ( एजेंसी )।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल यूनिट का वर्चुअली इनॉगरेशन किया। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी दी, कहा- भारतीय सेना ने पराक्रम दिखा दिया है। आतंकवाद के लिए सरहद पार की जमीन भी सुरक्षित नहीं रहेगी। हमने केवल सीमा से सटे सैन्य ठिकानों पर ही कार्रवाई नहीं की, बल्कि भारत की सेनाओं की धमक उस रावलपिंडी तक सुनी गई, जहां पाकिस्तानी फौज का



हेडक्वार्टर मौजूद है। रक्षा मंत्री ने कहा- हमने कभी उनके आम नागरिकों को निशाना नहीं बनाया, लेकिन जब पाकिस्तान ने भारत के नागरिक इलाकों, मंदिरों, गुरुद्वारों और चर्चों पर हमले का प्रयास किया। तब भारतीय सेना ने शौर्य और संयम के साथ उत्तर दिया। पाकिस्तान के अनेक सैन्य ठिकानों पर प्रहार करके करारा जवाब दिया।

रक्षामंत्री ने कहा- भारत विरोधी और आतंकी संगठनों ने भारत माता के मस्तक पर हमला किया था। कई परिवार के सिंदूर मिटाए थे। सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए इंसाफ दिलाने का काम किया। यह ऑपरेशन भारत की दृढ़ इच्छा शक्ति का प्रदर्शन है।

## पूरे देश को सेना की वीरता पर गर्व है..., गिरिराज सिंह

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने रविवार को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भारतीय सशस्त्र बलों के प्रयासों की सराहना की। संवाददाताओं से बात करते हुए, गिरिराज सिंह ने कहा, पूरे देश को भारतीय सेना की वीरता पर गर्व है..., उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी और सेना ने देश को गौरवान्वित किया है। हमें भारतीय होने पर गर्व है... जबकि, आज पहले,



राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की हालिया सोशल मीडिया पोस्ट पर आलोचना की, जहां उन्होंने कश्मीर मुद्दे पर भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता की पेशकश की दोनों देशों के बीच शत्रुता समाप्त हो। सिब्बल ने कहा कि इस पोस्ट के बाद कई सवाल उठेंगे और विपक्ष को इस मुद्दे के बारे में गलत जानकारी दी गई।

## ब्रिटेन ने भारत-पाक संघर्ष विराम का किया स्वागत, कहा- अब स्थायी शांति की दिशा में बातचीत की जरूरत

नई दिल्ली (एजेंसी)। ब्रिटेन ने भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने पर शनिवार को बनी सहमति का स्वागत किया और दोनों देशों से तनाव कम करने की दिशा में प्रयास जारी रखने का आह्वान किया। विदेश मंत्री डेविड लैमी ने कहा, भारत और पाकिस्तान के बीच आज का संघर्ष-विराम बहुत स्वागत योग्य है। मैं दोनों पक्षों से इसे बनाए रखने का आग्रह करता हूं। तनाव कम करना सभी के हित में है।

भारत और पाकिस्तान ने सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनने की घोषणा क्षेत्र में जारी सैन्य संघर्ष के बीच की, जिसे लेकर लैमी ने गंभीर चिंता जताई थी और दोनों देशों से ऐसी वार्ता की ओर बढ़ने का आह्वान किया था, जिससे तत्काल और स्थायी संघर्ष-विराम सुनिश्चित हो सके। इससे पहले, ब्रिटेन ने कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान और अमेरिका के जी-7 विदेश मंत्रियों तथा यूरोपीय संघ (ईयू) के उच्च प्रतिनिधि के साथ एक संयुक्त बयान में 22 अप्रैल



को पहलगाम में हुए 'जघन्य आतंकवादी हमले% की कड़ी निंदा की थी तथा भारत और पाकिस्तान से अधिकतम संयम बरतने का आग्रह किया था।

बयान में कहा गया था, सैन्य तनाव और बढ़ने से क्षेत्रीय स्थिरता को गंभीर खतरा होगा। हम दोनों देशों के नागरिकों की सुरक्षा को लेकर बेहद चिंतित हैं। हम तत्काल तनाव कम करने का आह्वान करते हैं और भारत तथा पाकिस्तान से शांतिपूर्ण समाधान के लिए सीधी बातचीत का आग्रह करते हैं।

## मलेरकोटला में दो पाकिस्तानी जासूस गिरफ्तार

मलेरकोटला (एजेंसी)। पंजाब की मलेरकोटला पुलिस ने दो लोगों को पकड़ा है जो भारत की सेना से जुड़ी गोपनीय जानकारी पाकिस्तान भेज रहे थे। ये जानकारी पाकिस्तान के एक अधिकारी को भेजी जा रही थी, जो दिल्ली में पाक हाई कमीशन (राजनयिक दूतावास) में तैनात है।

इन आरोपियों को ऑनलाइन पेमेंट मिल रहा था। वे पैसों के बदले भारतीय सेना की गतिविधियों की जानकारी पाकिस्तान भेजते थे। जब पुलिस को पुख्ता जानकारी मिली तो एक व्यक्ति को पहले पकड़ा गया, जिसने पूछताछ में दूसरे व्यक्ति का नाम बताया और उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया। इनके पास से दो मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं और मामला दर्ज (स्नढ्ढक्र) कर लिया गया है।

इस संबंध में पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने जानकारी साझा की है। उन्होंने कहा- पंजाब पुलिस



भविष्य में भी देश और राज्य की सुरक्षा के लिए इसी तरह काम करती रहेगी। पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने कहा- पंजाब पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता मिला है। मलेरकोटला पुलिस ने नई दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग में तैनात एक पाकिस्तानी अधिकारी से जुड़े दो जासूसों को गिरफ्तार कर लिया गया है। खुफिया जानकारी के आधार पर एक संदिग्ध को भारतीय सेना की गतिविधियों के बारे में संवेदनशील जानकारी पाकिस्तान स्थित हैंडलर को लीक करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ के दौरान किए गए खुलासे के आधार पर दूसरे आरोपी की पहचान की गई और उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया।

डीजीपी गौरव यादव ने कहा- प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपी गोपनीय जानकारी के बदले ऑनलाइन लेनदेन के माध्यम से भुगतान प्राप्त कर रहे थे। वे हैंडलर के साथ लगातार संपर्क में थे और उसके निर्देशों के अनुसार अन्य स्थानीय युवकों के साथ मिलकर गतिविधियां नोट करते थे। आरोपियों से पुलिस ने दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। दोनों के खिलाफ देश विरोधी गतिविधि करने की एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

# आईपीएल 2025 के बचे मैच कराने इंग्लैंड तैयार-माइकल वॉन

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के कारण आईपीएल 2025 को शुक्रवार को एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया। इसके बाद अटकलें तेज हो गई हैं कि अगर शेष मैच भारत में आयोजित नहीं हो पाते, तो बीसीसीआई के पास कौन से विकल्प मौजूद हो सकते हैं। इस बीच, इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर माइकल वॉन ने इंग्लैंड में आईपीएल के मैचों को आयोजित करने का प्रस्ताव दिया था, जिसके बाद इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने बीसीसीआई से टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर बातचीत शुरू की है।

एक इंग्लिश मैगजीन के मुताबिक, शुक्रवार की शाम को ईसीबी ने बीसीसीआई से संपर्क किया। हालांकि, बीसीसीआई की तरफ से इस बातचीत को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि आईपीएल 2025 को तत्काल प्रभाव से एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि बीसीसीआई के वरिष्ठ अधिकारियों और आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने प्रमुख हितधारकों के साथ परामर्श करने के बाद यह निर्णय लिया। गौरतलब है कि गुरुवार को जम्मू और पठानकोट में हवाई हमले की चेतावनी मिलने के बाद धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मैच को रद्द कर दिया गया था।

# भारत-पाक तनाव के बीच एशिया कप पर संकट

नई दिल्ली (एजेंसी)। एशिया कप 2025 की मेजबानी इस बार भारत को मिली है, लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच उत्पन्न युद्ध जैसी स्थिति ने इस टूर्नामेंट के आयोजन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिस तरह से सीमा पर तनाव बढ़ा है, उसमें यह संभावना बेहद कम नजर आ रही है कि इस साल एशिया कप का सफल आयोजन हो पाएगा। अगर भारत इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने से इनकार कर देता है, तो एशिया कप के आयोजन की संभावना लगभग खत्म मानी जा रही है, क्योंकि भारत के बिना इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट का कोई महत्व नहीं रह जाएगा। बीसीसीआई पहले ही आईपीएल 2025 को एक सप्ताह के लिए स्थगित कर चुका है। इस बीच धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच चल रहे मैच को ड्रोन हमलों और ब्लैकआउट की स्थिति के कारण रद्द कर दिया गया था, जिससे लीग की सुरक्षा चिंताओं को और बल मिला। अगर आने वाले दिनों में हालात सामान्य नहीं होते हैं, तो यह आशंका है कि आईपीएल 2025 को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करना पड़ सकता है। हालांकि, ऐसे संकटपूर्ण समय में बीसीसीआई को एक संभावित राहत अगस्त-सितंबर की विंडो के रूप में मिल सकती है। यदि एशिया कप रद्द होता है, तो बीसीसीआई उस समय का उपयोग आईपीएल 2025 के बचे हुए मैचों को पूरा करने के लिए कर सकता है। इस समयावधि में भारतीय टीम का कोई बड़ा अंतरराष्ट्रीय टूर शेड्यूल नहीं है, जिससे बोर्ड के पास लीग को दोबारा शुरू करने के लिए पर्याप्त समय और संसाधन उपलब्ध हो सकते हैं।

# भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच आईपीएल को स्थगित करना सही कदम-गांगुली

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच बीसीसीआई ने आईपीएल-2025 को फिलहाल स्थगित कर दिया है। पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने इस मामले में कहा है कि भारत के सामने पाकिस्तान को घुटने टेकने होंगे। जहां तक आईपीएल का सवाल है तो यह फैसला सही है लेकिन हम जल्द ही इसे दोबारा से होता देखेंगे। बता दें ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के कारण टूर्नामेंट को बीच में ही रोक दिया गया है।

गुरुवार को पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मैच सुरक्षा कारणों से बीच में ही रोक दिया गया था। अगले दिन इस आयोजन को सात दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया है। गांगुली ने बीसीसीआई पर विश्वास जताया और कहा कि बोर्ड टूर्नामेंट को पूरा करेगा। उन्होंने कहा कि अभी युद्ध जैसे हालात हैं तो इस स्थिति में यही करना सही था। इस टूर्नामेंट में कितने सारे खिलाड़ी खेलते हैं, इतने सारे विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं तो बीसीसीआई को यही फैसला लेना था। हम आशा करेंगे कि आईपीएल फिर शुरू हो जाए। बीसीसीआई आईपीएल को जरूर पूरा करेगी।गांगुली ने कहा कि मैं समझता हूं कि ये जो हालात हैं ज्यादा देर नहीं रहने वाले।

# क्रिकेट इतिहास में हुआ ऐसा पहली बार, यूएई की 11 बल्लेबाज हुईं रिटायर आउट




नई दिल्ली (एजेंसी)। संयुक्त अरब अमीरात ने महिला टी20 वर्ल्ड कप एशिया क्वालिफायर 2025 के एक मुकाबले में कतर के खिलाफ अनोखा कदम उठाया। दरअसल, इस टीम की सभी 11 खिलाड़ी रिटायर आउट हो गईं। यूएई ने बैंकॉक के टेर्डथाई क्रिकेट ग्राउंड में कतर के खिलाफ अपने मुकाबले में अपनी पूरी टीम को रिटायर्ड आउट कर दिया। क्रिकेट के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ जब पूरी टीम रिटायर आउट हो गई।

कतर के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करने उतरी यूएई की टीम ने अपने सलामी बल्लेबाज तीर्था सतीश और कप्तान ईसा ओजा की बदौलत बेहतरीन शुरुआत की। दोनों ने पहले विकेट के लिए 16 ओवर में 192 रन की साझेदारी की और कतर के गेंदबाजों पर दबाव बनाया, लेकिन जब यूएई को लगा कि बारिश की संभावना है तो उसने अपनी पूरी टीम को रिटायर्ड आउट कर दिया।

टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में पारी घोषित करने का नियम लागू नहीं होता, इसलिए हर बल्लेबाज पैड पहनकर क्रीज की ओर दौड़ा और मैदान पर पहंचने पर रिटायर्ड आउट हो गया। यूएई की ओपनर बल्लेबाज तीर्था ने 42 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से 74 रन की पारी खेली जबकि ईशा ओजा ने 5 छक्के और 14 चौकों की मदद से 55 गेंदों पर 133 रनकी पारी खेली। यूएई ने 16 ओवर में बिना कोई विकेट खोए 192 रन बनाए। कतर को जीत के लिए 193 रन का टारगेट मिला था, लेकिन ये टीम 11.1 ओवर में 29 रन पर ऑलआउट हो गई और यूएई को 163 रन से जीत मिली। यूएई को लिए मिचेल बोथा ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए जबकि केटी थॉम्पसन को 2 सफलता मिली। यूएई के लिए शतकीय पारी खेलने वाली ईशा को प्लेयर ऑफ द मैच चुनागया।

# आईपीएल 2025 के बचे हुए मैच कब होंगे शुरू? 11 मई को बीसीसीआई ले सकती है फैसला




नई दिल्ली (एजेंसी)। आईपीएल 2025 के दोबारा शुरू होने पर कल यानी 11 मई को फैसला लिया जा सकता है। ये अपडेट भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर पर सहमति के बाद आया है। शनिवार शाम 5 बजे से भारत और पाकिस्तान, दोनों ओर से फायरिंग रोक दी गई है। इसके तुरंत बाद एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अगले हफ्ते आईपीएल 2025 टूर्नामेंट को दोबारा शुरू किया जा सकता है।

फिलहाल आईपीएल के 18वें सीजन के अभी भी 16 मुकाबले खेले जाने हैं। आईपीएल 2025 में 8 मई को पंजाब किंग्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स मैच खेला जा रहा था। जिसे बीच में ही रोक कर रद्द कर दिया गया। बाद में आईपीएल चेयरमैन अरुण सिंह धूमल ने खुलासा किया कि मैदान में किसी भगदड़ की घटना से बचने के लिए तकनीकी खराबी का सहाराय लेना पड़ा।

इसी बीच ईएसपीएन क्रिकइन्फो के अनुसार, आईपीएल 2025 के बाकी मुकाबलों के लिए तीन मैदानों को चुना जा सकता है।

ये 3 मैदान बेंगलुरु का एम चिन्नास्वामी स्टेडियम, चेन्नई का चेपॉक और हैदराबाद का राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम हो सकता है। फिलहाल बीसीसीआई आईपीएल 2025 को दोबारा शुरू करने के लिए तारीख तय करने के लिए बीसीसीआई अधिकारी जल्द बैठक कर सकते हैं।

# इंडिया-पाक सीजफायर के बाद विनेश फोगाट ने दिया रिएक्शन



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के दौरान भारतीय ओलंपिक स्टार विनेश फोगाट ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। विनेश ने कहा कि उन्हें भारतीय सेना पर गर्व है लेकिन साथ ही उन्होंने सरकार की एक योजना को लेकर भी बड़ी बात कही। विनेश फोगाट ने भारतीय सेना को नमन भी किया। बता दें कि, फिलहाल भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर लागूं कर दिया गया है।

विनेश फोगाट ने कहा कि, भारतीय सेना के वीर जवानों को दिल से नमन, आपकी बहादुरी, अनुशासन और देशभक्ति हम सभी के लिए प्रेरणा है। विनेश ने भारतीय सेना पर गर्व करते हुए कहा कि भारत का फौजी हर परिस्थिति में सीमा पर डटा रहता है ताकि देशवासी सुरक्षित रह सकें। विनेश ने कहा कि देश को सेना पर गर्व है और पूरा देश जवानों का ऋणी है।

विनेश फोगाट ने सरकार से विनम्र निवेदन करते हुए ये भी कहा कि कोई सैनिक सिर्फ 4 साल के लिए देश सेवा नहीं करना चाहेगा, इसलिए अग्निवीर योजना पर दोबारा विचार-विमर्श किया जाना चाहिए। अग्निवीर योजना को पूर्व रूप से सितंबर 2022 में लागू किया गया था, जिसके तहत सैनिकों का सेवाकाल चार साल का किया गया था।

विनेश फोगाट का ये बयान ऐसे समय में आया जब दोनों राष्ट सीजफायर के लिए मान गया और जल्द दोनों पक्षों की उच्च स्तरीय बैठक की खबर सामने आई है।

# पंत की फॉर्म में गिरावट के पीछे खराब शॉट का चयन- सिद्धू



नई दिल्ली (एजेंसी)। पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने ऋषभ पंत की फॉर्म में गिरावट के पीछे उनका खराब शॉट चयन, मानसिक दबाव और टीम की कमजोर स्थिति को जिम्मेदार ठहराया है। आईपीएल 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी संभाल रहे ऋषभ पंत के खराब प्रदर्शन पर पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।

इस सीजन में पंत अपनी बल्लेबाजी से कोई खास असर नहीं छोड़ पाए हैं। वह लगातार फ्लॉप हो रहे हैं और टीम भी उनकी कप्तानी में जूझती नजर आ रही है। अब तक खेले गए 11 मुकाबलों में लखनऊ सुपर जायंट्स सिर्फ 5 मैच जीत सकी है और प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें लगभग खत्म होती जा रही हैं। ऐसे में एक और हार से टीम की पूरी उम्मीदें समाप्त हो सकती हैं। नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि ऋषभ पंत बार-बार गलत शॉट चयन के चलते आउट हो रहे हैं। उन्होंने कहा, आप हर बार मुश्किलों से बाहर नहीं निकल सकते। पंत पर अपनी छवि को बनाए रखने का दबाव है जो उनके प्रदर्शन को प्रभावित कर रहा है। यह मानसिक दबाव उनके चेहरे और खेल में साफ नजर आता है। वह कप्तान के रूप में कई बार संयम खो देते हैं जिससे विपक्षी टीम को फायदा मिलता है। सिद्धू ने आगे कहा कि पंत को महेंद्र सिंह धोनी से सीख लेनी चाहिए जो अपने शांत और संतुलित स्वभाव के लिए जाने जाते हैं। सिद्धू ने सुझाव दिया कि पंत को अपनी सोच में बदलाव लाना चाहिए और क्रिकेट की मूलभूत बातों पर लौटना चाहिए।

# इंग्लैंड दौरे पर नहीं जाएंगे विराट

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का मन बना लिया है। ऐसे में उनके इंग्लैंड दौरे पर टीम का हिस्सा बनने की संभावना कम है। हालांकि, बीसीसीआई के एक उच्च अधिकारी ने कोहली से इस फैसले पर दोबारा सोचने को कहा है। अब देखना होगा कि चयन समिति जब इंग्लैंड दौरे के लिए टीम का ऐलान करेगी, तब कोहली के भविष्य को लेकर क्या फैसला होता है। विराट से पहले रोहित शर्मा ने बुधवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया था। 7 मई को उन्होंने एक इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर की और रेडबॉल क्रिकेट को अलविदा कह दिया। हालांकि वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में मैच खेलते रहेंगे, जो उनका मजबूत पक्ष रहा है।

रोहित शर्मा की तरह विराट कोहली ने भी टी20 वर्ल्ड कप 2024 जीतने के बाद क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट को अलविदा कह दिया था। ऐसे में रोहित और कोहली की जोड़ी क्रिकेट फैन्स को वनडे में खेलती हुई दिखेगी। वहीं दोनों वर्तमान में आईपीएल क्रिकेट में खेलते हुए दिखे, जिसे फिलहाल भारत-पाकिस्तान के तनाव के कारण स्थगित कर दिया गया था।



भारत के चयनकर्ता कुछ दिनों में इंग्लैंड में अगले महीने होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए टीम चुनने के लिए मिलने वाले हैं। यह जानकारी मिली है कि कोहली इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद से अपने टेस्ट भविष्य पर विचार कर रहे थे, जब उन्होंने पहले टेस्ट में शतक लगाने के बाद खराब प्रदर्शन किया था।

36 साल के विराट कोहली टेस्ट क्रिकेट में ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खेलते नजर आए थे। जहां भारत को 5 मैचों की सीरीज में 1-3 से हार मिली थी। कोहली ने सीरीज के पहले मैच में शतक जरूर लगाया था, लेकिन इसके बाद वह संघर्ष करते दिखे थे। कोहली ने तब उस सीरीज के 5 मुकाबलों की 9 पारियों में 23.75 के एवरेज से महज 190 रन बनाए थे। इसमें पर्थ में जड़ा गया 100 रनों का नॉट आउट शतक भी शामिल था।

कोहली का टेस्ट डेब्यू जून 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ किंग्सटन में हुआ था। कोहली ने तब पहली पारी में 4 और दूसरी पारी में 15 रन बनाए थे। वहीं कोहनी ने आखिरी टेस्ट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में खेला था, जो जनवरी 2025 में खेला गया था। इस आखिरी टेस्ट में कोहली ने पहली पारी में 17 तो दूसरी पारी में 6 रन बनाए थे।

कोहली का क्रिकेट कॅरियर

123 टेस्ट, 210 पारी, 9230 रन, 46.85 एवरेज, 30 शतक, 31 अर्धशतक

302 वनडे, 290 पारी, 14181 रन, 57.88 एवरेज, 51 शतक, 74 अर्धशतक, 5 विकेट

125 टी20, 117 पारी, 4188 रन, 48.69 एवरेज, 1 शतक, 38 अर्धशतक, 4 विकेट

आईपीएल-2025 में प्रदर्शन

विराट कोहली फिलहाल आईपीएल-2025 में व्यस्त थे, जहां उनके बल्ले से रनों की जड़ी लगी थी। उन्होंने अब तक हुए 11 मैचों में 505 रन बनाए हैं। इस दौरान कोहली का एवरेज 63.12 और स्ट्राइक रेट 143.46 का रहा।

# बल्लेबाज आंद्रे रसेल की लव स्टोरी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं

**जमेका ( एजेंसी )।** वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज आंद्रे रसेल की लव स्टोरी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है।

आईपीएल 2025 में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेल रहे आंद्रे रसेल का बल्ला भले इस बार शांत हो, लेकिन उनकी निजी जिंदगी हमेशा सुर्खियों में रही है।

रसेल की पत्नी जैसिम लोरा सिर्फ एक खूबसूरत चेहरा नहीं, बल्कि एक मशहूर अमेरिकी मॉडल और फैशन ब्लॉगर भी हैं, जिनका सोशल मीडिया पर जबरदस्त क्रेज है। जैसिम की पहचान उनके बोल्ड फोटोशूट और इंस्टाग्राम पर स्टाइलिश अंदाज के लिए होती है। वह जेसीमलोरारु नाम से इंस्टा पर एक्टिव हैं और उनके तीन लाख से ज्यादा फॉलोवर्स हैं। जैसिम कई नामचीन ब्रांड्स के साथ काम कर चुकी हैं और फैशन इंडस्ट्री में एक जाना-माना नाम हैं। लेकिन क्रिकेट की दुनिया में उनकी चर्चा तब शुरू हुई, जब वह आंद्रे रसेल की गर्लफ्रेंड के तौर पर सामने आईं। रसेल और जैसिम का रिश्ता 2014 में सगाई के साथ सार्वजनिक हुआ और दो साल बाद, जुलाई 2016 में दोनों ने शादी कर ली। उनकी शादी का जश्न बेहद निजी और खास था। इसके बाद जनवरी 2020 में उनके घर एक प्यारी सी बेटी ने जन्म लिया। जैसिम न सिर्फ रसेल की पत्नी हैं, बल्कि उनकी सबसे बड़ी सपोर्टर भी हैं।



आईपीएल, सीपीएल या कोई भी बड़ा टूर्नामेंट हो, जैसिम स्टैंड में मौजूद होकर रसेल का हौसला बढ़ाती नजर आती हैं। उनकी मौजूदगी कैमरे में अक्सर कैद होती है, जहां वह अपने पति के हर चौके-छक्के पर झूमती दिखती हैं। सोशल मीडिया पर वह सिर्फ फैशन की नहीं, बल्कि अपने परिवार की झलक भी साझा करती हैं। जैसिम लोरा आज आंद्रे रसेल की जिंदगी का अहम हिस्सा ही नहीं, बल्कि उनकी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ का मोटिवेशन भी बन चुकी हैं। जहां एक ओर रसेल मैदान में गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हैं, वहीं जैसिम अपने स्टाइल और सपोर्ट से हर इवेंट में छाई रहती हैं।

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार एवं हिनौती गौधाम के संचालन व अधोसंरचना निर्माण कार्यों की समीक्षा की

# अत्याधुनिक व आत्मनिर्भर गौ-अभ्यारण्य है बसामन मामा गौवंश वन्य विहार





**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि बसामन मामा गौवंश वन्य विहार अत्याधुनिक गौ-अभ्यारण्य है। शीघ्र ही यहां 5 टन क्षमता का गैस उत्पादन संयंत्र आईओसीएल द्वारा स्थापित किया जायेगा तथा पशु आहार निर्माण इकाई को भी शुरू किया जायेगा।

बसामन मामा गौवंश वन्य विहार के विश्राम गृह में रात्रि विश्राम के उपरांत प्रशासनिक भवन में उप मुख्यमंत्री ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार एवं हिनौती गौधाम में अधोसंरचना निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि मृत पशु निष्पादन संयंत्र की स्थापना शीघ्र करायें तथा गौवंश वन्य विहार में बाउंड्रीबाल का निर्माण प्रारंभ करें। उन्होंने कहा कि दुधारू गौवंश की 25-25 यूनिट के चार समूह बनाकर दुग्ध उत्पादन प्रारंभ करें तथा चिन्हित चरनाई भूमि की फेंसिंग कराकर चारा उत्पादन करें। उन्होंने सामुदायिक भोजशाला के निर्माण में गोबर की ईंट का उपयोग करने के भी निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन मंदिर में भगवान कृष्ण की मूर्ति स्थापित करने तथा मंच के सामने समतलीकरण कार्य को शीघ्र करने के निर्देश निर्माण विभाग को दिये। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गौवंश वन्य विहार में धन की कमी नहीं है इसमें सभी आवश्यक उपकरण व व्यवस्थायें सुनिश्चित करायें। उन्होंने प्रोड्क्शन मैनेजर व मार्केटिंग मैनेजर की नियुक्ति किये जाने की भी बात कही।

उप मुख्यमंत्री ने हिनौती गौधाम में पशु शेड व प्रशासनिक भवन का निर्माण 15 जून तक कर लेने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कार्ययोजना के अनुसार हिनौती गौधाम में पशु शेड, सड़कों का निर्माण करायें ताकि सड़कों के किनारे वर्षाकाल में वृक्षारोपण कराया जा सके। उप मुख्यमंत्री ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में 34 लाख रूपये की लागत से बनाये जाने वाले चेकडैम का भूमिपूजन किया। बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में पशु चिकित्सक की उपस्थिति व सभी आवश्यक उपचार उपकरण की सुनिश्चितता के निर्देश दिये। उन्होंने प्रशासनिक भवन के समीप एक सुलभ काम्पलेक्स तथा एक अन्य सार्वजनिक सुलभ काम्पलेक्स निर्माण कराने के निर्देश निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिये। बैठक में जिला गौसंवर्धन बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष राजेश पाण्डेय ने बहुमूल्य सुझाव दिये जिन पर उप मुख्यमंत्री ने तत्काल कार्यवाही करने के लिए संबंधितों को निर्देशित किया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, जनपद अध्यक्ष गंगेव विकास तिवारी, अभयराम जी महराज, एसडीएम राजेश सिन्हा, डॉ. राजेश मिश्रा, त्रियुगीनारायण शुक्ला सहित विभागीय अधिकारी एवं स्थानीजन उपस्थित रहे।

## सतना में 4 घरों से लाखों रुपये के सामान की चोरी, खेत में मिली पेटी



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना जिले के नागौद थाना क्षेत्र के गिंजारा गांव में चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। शनिवार-रविवार की रात को अज्ञात चोरों ने 4 घरों के ताले तोड़कर नकदी और जेवरात चुरा लिए। शिब्बू अहिरवार के घर से चोर सोने-चांदी के जेवरात और 10 हजार रुपए नकद ले गए।

निखिल अहिरवार के घर से 25 हजार रुपए का मोबाइल फोन चोरी हुआ। इंद्रकली अहिरवार के घर से सोने-चांदी के गहने और 900 रुपए नकद चुराए गए। लल्ला बागरी के घर की पेटी भी चोर उठा ले गए।

चोरों ने घरों से चुराई गई पेटी और बैग को खेत में फेंक दिया। इनमें से कीमती सामान निकाल लिया गया था। पीड़ित परिवारों को सुबह चोरी की जानकारी हुई। दोपहर में सूचना मिलने पर नागौद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है।

## मिस साउथ एशिया यूनिवर्स में सतना की बेटी ने जीता खिताब



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना की बेटी मीनाक्षी सिंह ने मिस साउथ एशिया यूनिवर्स का खिताब जीतकर विंध्य क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है . बतादें कि मिस एशिया यूनिवर्स एक वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता है, जिसे मिस यूनिवर्स संगठन द्वारा आयोजित किया जाता है, जिसमें दुनिया भर के विभिन्न देशों की खूबसूरत लड़कियां भाग लेती हैं। सतना जिले के जैतवारा के पास छोटे से गांव नयागांव की रहने वाली मीनाक्षी सिंह अब बॉलीवुड में कदम रखने जा रही हैं। महज 16 साल की उम्र में उन्होंने मिस टीन इंडिया 2024 का खिताब जीतने वाली मीनाक्षी पहले मिस टीन एमपी भी रह चुकी हैं। अपनी खूबसूरती और टैलेंट के दम पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है।


## सड़कों पर छिछोरेपंती वाली रील बनाने में व्यस्त रीवा पुलिस



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** इस दिनों आम जनता के साथ-साथ पुलिस वालों को भी रील बनाने का खूब शौक चढ़ा हुआ है। एक तरफ जहां जिले के वरिष्ठ अधिकारी रील बनाने वालों पर सख्ती बरतने की बात कर रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ इन्हीं के मातहत कर्मचारी उनके आदेश और निर्देशों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। रीवा जिले के एएसआई रामपाल दाहिया की एक रील इन दिनों खूब वायरल हो रही है। जो बाइक सवार को चालान के लिए रोकते हैं और जब वह अपने बाबू से बात करता है तो सब इंस्पेक्टर उसके बाबू से बात करते हुए समय व्यतीत करते हैं। सोशल मीडिया में यह रील जमकर वायरल हो रही है। अब देखना यह है कि पुलिस अधीक्षक ऐसी छिछोरेपंती वाली रील बनाने वाले पर क्या कार्यवाही करते हैं। वैसे बता दें कि एएसआई रामपाल दाहिया चर्चित पुलिस अधिकारी हैं। उन्हें रील बनानी ही थी तो कोई सामाजिक संदेश देने वाली बनाते, जिससे लोगों को प्रेरणा मिलती।

## रीवा पुलिस ने लग्जरी कार में पकड़ी 1155 शीशी नशीली कफ सिरप

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत लग्जरी कार सहित 1155 शीशी नशीली कफ सिरप पकड़ी है। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। इस संबंध में एएसपी आरती सिंह ने बताया कि बीती रात मुखबिर की सूचना पर यह कार्रवाई की गई। पुलिस को चोरहटा थाना क्षेत्र के किटवरिया बाईपास के समीप नशीली कफ सिरप आने की सूचना मिली थी, सूचना के आधार पर जब कार्रवाई की गई तो कार सहित दो आरोपियों को नशे की खेप के साथ गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपियों में वतन प्रजापति निवासी प्रयागराज व अनिकेत सिंह निवासी अमहिया शामिल हैं। जबकि तीसरा आरोपी अक्षत सिंह फरार हो गए जिसकी तलाश की जा रही है।



## रीवा में ऑटो चालकों को यातायात पुलिस ने समझाये पार्किंग के नियम



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा शहर के चौराहों में ऑटो पार्किंग की वजह से लगने वाले जाम की समस्या को देखते हुए यातायात पुलिस ने ऑटो चालकों को पार्किंग के नियम समझाए। इसके लिए कंट्रोल रूम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां ऑटो चालकों को पार्किंग के बारे में जानकारियां दी गई। बतादें कि शहर के चौराहों में ऑटो की अव्यवस्थित पार्किंग एक गंभीर समस्या बनी हुई है। सवारी बैठाने और उतारने के लिए ऑटो चालक बीच सड़क में भी वाहन रोक देते हैं, जिसकी वजह से जाम की स्थिति बन जाती है। नो पार्किंग में ऑटो खड़े करके सवारी भरने की वजह से लोगों को प्रतिदिन काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या को देखते हुए यातायात पुलिस ने यह आयोजन किया। जहां सूबेदार अखिलेश कुशवाहा ने ऑटो चालकों को वाहन चलने के नीयम बताते हुए समझाइश दी।

मऊगंज की पीड़िता को कर रहा था ब्लैकमेल

# रीवा में शादी का झांसा देकर युवती को फंसाया, दुष्कर्म के आरोप में मदरसा संचालक हिरासत में




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा सिविल लाइन थाना क्षेत्र में एक युवती की शिकायत पर मदरसा संचालक को हिरासत में लिया है। युवती ने उस पर शादी का झांसा देकर कई बार दुष्कर्म करने के आरोप लगाए थे। शिकायत के बाद पीड़िता को आज मेडिकल परीक्षण के लिए संजय गांधी अस्पताल गया भेजा है। पीड़िता मऊगंज जिले की रहने वाली है। साल 2022 में उसके साथ दुष्कर्म हुआ था। आरोपी उसे लगातार ब्लैकमेल कर रहा था। पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने बताया कि आरोपी शाहिद राजा के विरुद्ध दुष्कर्म का अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया।

**मऊगंज एसपी के पास पहुंची थी पीड़िता:** एसपी विवेक सिंह ने बताया मऊगंज की रहने वाली एक पीड़िता ने मऊगंज एसपी से शिकायत की थी। जिसमें उसने रीवा के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में उसके साथ दुष्कर्म की बात कही थी। मऊगंज पुलिस ने मामले में संज्ञान लेते हुए जीरो पर अपराध दर्ज किया था। जिसके बाद जीरो पर दर्ज अपराध को रीवा भेजा गया। घटनास्थल सिविल लाइंस थाना क्षेत्र से संबंधित थी। इसके कारण पीड़िता की शिकायत पर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी शाहिद राजा के विरुद्ध दुष्कर्म का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

पुलिस ने बताया कि पीड़िता के मुताबिक दुष्कर्म की यह सारी वारदात वर्ष 2022 की है। इसके बाद आरोपी लगातार पीड़िता को ब्लैकमेल कर रहा था। जिसकी जानकारी पीड़िता ने अपने परिजनों को दी और उसके बाद मऊगंज पुलिस ने पूरे मामले में जीरो पर कायमी करते हुए घटनास्थल रीवा होने के कारण मामले को सिविल लाइंस थाने में स्थानांतरित कर दिया।

## उप मुख्यमंत्री बोर्ड परीक्षा के मेधावी विद्यार्थियों को आज करेंगे सम्मानित

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल 12 मई को कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में मैरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करेंगे। सम्मान समारोह माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय सभागार में दोपहर 12 बजे से आरंभ होगा।

## वैटनरी चिकित्सक सड़क हादसे में घायल



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र के ग्राम हर्दी कप्सा के समीप बाइक सवार वैटनरी चिकित्सक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए एंबुलेंस से संजय गांधी अस्पताल लाया गया। बताया गया है कि हादसे का शिकार हुए वैटनरी चिकित्सक सर्वेश तिवारी मूलतः सोहागी थाना क्षेत्र के बड़ागांव के निवासी हैं। पीड़ित के साले अनिल मिश्रा ने बताया कि वैटनरी चिकित्सक सर्वेश तिवारी फ़िलहाल हर्दी कप्सा में रहते हैं। और पशुपालकों के बुलाने पर आसपास के गांव में उपचार के लिए जाते हैं। आज दोपहर वह बाइक से हर्दी कप्सा जा रहे थे इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी।

# सीतापुर-हनुमना उदवहन सिंचाई परियोजना पूरी होने से रीवा और मऊगंज के हर खेत में पहुंचेगा पानी



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सर्किट हाउस के नवीन खण्ड में आयोजित बैठक में सिंचाई परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सीतापुर हनुमना उदवहन सिंचाई परियोजना तथा बाणसागर बांध की नहरों का काम पूरा होने के बाद रीवा और मऊगंज जिले के हर खेत में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो जायेगी। इससे खेती में तेजी से विकास होगा और हर किसान समृद्ध बनेगा। सीतापुर हनुमना सिंचाई परियोजना में वन तथा पर्यावरण की स्वीकृति समय पर प्राप्त करके सर्वे का कार्य तेजी से पूरा करें। यह परियोजना इस क्षेत्र के लिए बहुत बड़ी सौगात सावित होगी। लंबित सिंचाई परियोजनाओं का काम 30 जून तक पूरा कराके आगामी सीजन में किसानों को एक लाख 25 हजार एकड़ क्षेत्र में सिंचाई की उपलब्ध हो जायेगी। सिंचाई विकास का सबसे महत्वपूर्ण कार्य है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सीतापुर हनुमना उदवहन सिंचाई परियोजना में मुख्य बांध निर्माण स्थल का निर्धारण कर दिया गया है। वन विभाग से सर्वे की भी अनुमति प्राप्त हो गयी है। सर्वे का कार्य तत्काल शुरू करायें। परियोजना के निर्माण कार्य से 22 हजार हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हो रहा है। इसकी प्रतिपूर्ति के लिए हनुमना तहसील में तथा हिनौती गौधाम के पास वृक्षारोपण के लिए वन विभाग को जमीन उपलब्ध करायें। इस सिंचाई परियोजना से मऊगंज जिले में 65 हजार हेक्टेयर सीधी में 28 हजार हेक्टेयर, सिंगरौली में 26500 हेक्टेयर तथा रीवा जिले में 3 हजार हेक्टेयर में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुती सिंचाई परियोजना में नहरों के निर्माण में तेजी लाये तथा 30 जून तक शेष कार्य पूरा करायें। बाणसागर बांध से 18 किलो मीटर तक नहर निर्माण, छुहिया घाटी में सुरंग में लाइनिंग का कार्य, एक्वाडक्ट निर्माण तथा नहरों में लाइनिंग का कार्य तेजी से पूरा करायें। बेला माइनर नहर में भी 51 किलो मीटर में से केवल 21 किलो मीटर का कार्य हुआ है।

बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हिनौती गौधाम के समीप प्रस्तावित बांध निर्माण का प्रस्ताव तत्काल प्रस्तुत करें। वन विभाग गौधाम की आंतरिक और बाहर की सड़कों के किनारे वृक्षारोपण की तैयारी कर लें। यहां कम से कम 10 हजार पौधे वर्षाकाल में रोपे जायेगें। उप मुख्यमंत्री ने नहरों में सीपेज रोकने और भूअर्जन की कार्यवाही समय पर पूरी कराने के निर्देश दिये। बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि सिंचाई परियोजनाओं के भूअर्जन के कार्य तेजी से किये जा रहे हैं। निर्माण कार्यों की सभी बाधाएं दूर करके कार्य में गति लायी जायेगी। बैठक में मुख्य वन संरक्षक राजेश राय ने बताया कि उदवहन सिंचाई परियोजना के लिए वन विभाग की अनुमति के प्रस्ताव आनलाइन दर्ज हो गये हैं। इनमें सर्वे कार्य के लिए अनुमति जारी कर दी गयी है। जल संसाधन विभाग और राजस्व विभाग से समन्वय बनाकर सभी अनुमतियाँ शीघ्र जारी की जायेगीं। बैठक में अधीक्षण यंत्री मनोज तिवारी ने सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण कार्य की जानकारी दी। बैठक में संयुक्त आयुक्त श्रेयस गोखले, अधीक्षण यंत्री तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## आत्महत्या रोकने बहुती जलप्रपात पर तैनात रहेंगे दो पुलिसकर्मी




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मऊगंज जिले का बहुती जलप्रपात आत्महत्या स्थल बन चुका है। यहां होने वाली मौतों को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन ने कदम उठाया है।

रीवा जोन के आईजी गौरव राजपूत ने 9 मई को मऊगंज जिले की जन चौपाल में स्थिति की समीक्षा की। स्थानीय लोगों ने जलप्रपात पर साल भर होने वाली घटनाओं से उन्हें अवगत कराया। आईजी ने तुरंत पुलिस अधीक्षक को पुलिस बल तैनात करने का निर्देश दिया।

पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी ने आदेश का पालन करते हुए जलप्रपात पर दो पुलिसकर्मियों को तैनात किया है। इससे ग्रामीणों में संतोष की भावना है। पुलिस की मौजूदगी से यहां होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लगेगी।

पुलिस अधीक्षक सोनी के अनुसार जलप्रपात पर एक पुलिस चौकी खोलने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। प्रस्ताव पर निर्णय होने तक मौजूदा संसाधनों से पुलिस की निगरानी जारी रहेगी।

## मऊगंज में अपराधी रिंकू अंसारी एक साल के लिए जिला बदर



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मऊगंज में जिला दंडाधिकारी संजय कुमार जैन ने अपराधी रिंकू उर्फ अरसद अंसारी को जिला बदर का आदेश दिया है। रिंकू को मऊगंज, सीधी और रीवा जिलों की सीमाओं से एक वर्ष तक दूर रहना होगा। आदेश मिलने के 48 घंटे के भीतर उसे इन क्षेत्रों को छोड़ना होगा।

पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी ने बताया कि रिंकू की आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए यह कार्रवाई की गई है। यदि वह आदेश का उल्लंघन करता है तो मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के तहत कार्रवाई होगी। पुलिस विभाग क्षेत्र में शांति व्यवस्था को प्रभावित करने वाले अन्य व्यक्तियों की भी पहचान कर रहा है।

## चोरी के संदेह में युवक की पिटाई



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा में चोरी के संदेह में युवक की सरेआम पिटाई का वीडियो सामने आया है। जानकारी के मुताबिक शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के कटरा मोहल्ले में शनिवार रात चोरी के शक में लोगों ने एक युवक को जमकर पीटा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि युवक चोरी के इरादे से घर में घुसा था। जबकि, युवक सनी अंसारी का कहना है कि वह कबाड़ उठाने का काम करता है।वहीं स्थानीय निवासी महेश के मुताबिक, आरोपी युवक के साथ एक और व्यक्ति राहुल भी था, जो मौके से फरार हो गया। इस मामले में कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद सिंह राठौर ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। पुलिस दोनों पक्षों को सुनकर आगे की कार्रवाई करेगी। हालांकि अभी तक कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं की गई है।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।